जबलपुर
सोमवार, 21 अप्रैल 2025
▪ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-9
▪ वर्ष : 19, अंक : 344
▪ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 43
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 लोकतंत्र में टकराव ठीक नहीं
मैट्रो
14 पार्सल ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतरे...

छतरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर बना हैवान

# देरी से आने का कारण पूछा तो भड़का डॉक्टर, 77 साल के बुजुर्ग के गाल पर मारे थप्पड़, घसीटते हुए जमीन पर पटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिला अस्पताल में एक डॉक्टर ने एक 77 साल के बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की है। मारपीट के बाद डॉक्टर के कहने पर 2 शख्स मिलकर बुजुर्ग को ओपीडी से घसीटते हुए अस्पताल चौकी के पास ले गए और वहां ले जाकर जमीन पर पटक दिया। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, पूरी घटना 17 अप्रैल की है। वीडियो में दिख रहा है कि दो शख्स एक 77 साल के बुजुर्ग को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित उधव लाल जोशी अपनी पत्नी लाली जोशी (70) के साथ इलाज के लिए करीब 30 किमी का सफर तय करके जिला अस्पताल आए थे।

## डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज, मामले की जांच रिपोर्ट न भेजने पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सिविल सर्जन अहिरवार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा



पीड़ित अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए करीब 30 किमी का सफर तय करके जिला अस्पताल आए थे, लेकिन बिना इलाज ही जाना पड़ा



### सिविल सर्जन की भी लापरवाही सामने आई

इस मामले को लेकर जब सिविल सर्जन जीएल अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिस डॉक्टर और बुजुर्ग के बीच मारपीट की घटना हुई है, उन्हें इस बात का पता नहीं था कि वह बुजुर्ग जिला अस्पताल में अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए आया है। सिविल सर्जन ने यह भी आरोप लगाया कि पहले उस बुजुर्ग ने डॉक्टर के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखाया गया। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

शाम को स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

### डॉक्टर की सेवाएं समाप्त, सिविल सर्जन भी निलंबित

सोशल मीडिया पर जिला चिकित्सालय छतरपुर के वायरल वीडियो के संदर्भ में संज्ञान लेते हुए संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आरोपी डॉक्टर राजेश मिश्रा की सेवाएं समाप्त कर दी। वहीं, डॉ. जीएल अहिरवार, सिवल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, छतरपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
कोलकाता - गुजरात
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे गिरफ्तार, जेल भेजा



**इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित आठ लोगों के खिलाफ हीरानगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पार्षद के भतीजे का विवाद पानी के टैंकर को लेकर उनकी गली में रहने वाले कपिल पाठक से हुआ था। कपिल भाजपा नेता है। चिंटू चौकसे के समर्थक हीरानगर थाने में हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष को जेल भेज दिया।

### अफजल खान ने ड्रीम 11 पर जीते 4 करोड़



**खंडवा।** जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर स्थित भवानिया गांव के अफजल खान ने फैंटेसी गेमिंग एप ड्रीम 11 पर टीम बनाकर पूरे 4 करोड़ रुपए का इनाम जीता है। अफजल पेशे से कंप्यूटर ऑपरेटर हैं और खंडवा की हरदा-इंदौर ट्रांसपोर्ट कंपनी में हैं, शुक्रवार को ड्रीम 11 पर पंजाब-बेंगलुरु मैच की टीम बनाई थी।

### कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या, पत्नी पर शक



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी पत्नी ने ही चाकू घोंपकर उनकी हत्या की है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर में उनका शव बरामद हुआ है। घर में उनकी पत्नी और बेटी ही मौजूद थीं।

### भैरुंदा में चार दुकानें जलकर खाक



**भैरुंदा।** जिले के भैरूंदा स्थित जेपी मार्केट में एक बूट हाउस में आग लग गई। आग ने आसपास की चार दुकानों को भी चपेट में ले लिया। गर परिषद भैरूंदा की दमकलें आग बुझाने में जुट गईं। आग की घटना शनिवार रात करीब 9 बजे हुई, लेकिन 10 दकमलें एवं टैंकर रविवार सुबह 4 बजे तक आग बुझाने में जुटे रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ बाधित, राहत एवं बचाव दल मुस्तैदी से जुटा

# रामबन में बादल फटने से भारी तबाही, 250 घर क्षतिग्रस्त, 3 की मौत, 100 को बचाया

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के रामबन में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इससे अचानक बाढ़ आ गई और पहाड़ का मलबा खिसककर गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में आने से तीन लोगों की जान चली गई जबकि 250 से अधिक घरों को भारी क्षति हुई है। इस तबाही में सैकड़ों वाहन पानी में बह गए और कुछ मलबे में दब गए। राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित हुआ और आवागमन ठप हो गया।

वहीं बड़ी संख्या में पर्यटक भी फंस गए। हालांकि राहत एवं बचाव दल ने 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है। रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रामबन में भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की दुखद घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

बादल फटे और पहाड़ का मलबा खिसककर गांव में आ गया

उधमपुर जिले में आंधी तूफान और बारिश से मचा हड़कंप

- *सैकड़ों वाहन फंसे, किश्तवाड़ पद्दर मार्ग भी बंद*
- *रामबन, उधमपुर, पुंछ और बारामुला जिलों में अलर्ट*





### जम्मू एयरपोर्ट की भी कई फ्लाइट्स रद्द की गईं

जम्मू एयरपोर्ट पर भी शनिवार को यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। श्रीनगर में खराब मौसम की वजह से कई फ्लाइट्स रद्द या देर से थीं, जिससे जम्मू में कनेक्टिंग फ्लाइट्स पर असर पड़ा। टर्मिनल के अंदर भीड़ बढ़ गई और यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर स्थिति बताई। स्पाइसजेट ने भी जानकारी दी कि श्रीनगर में मौसम खराब होने के कारण सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं, और यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति जांचते रहें।

### आज से 23 तक मप्र में होगी बारिश, कई जिलों के लिए अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी का असर लगातार देखने को मिल रहा है, जिसने सभी को परेशान कर दिया है। शनिवार-रविवार को मलाजखंड और खंडवा में पारा 42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं, जबलपुर, नर्मदापुरम, शिवपुरी, खजुराहो, खरगोन, सतना, दमोह और रीवा में भी पारा 41 डिग्री के पार रहा, जबकि बैतूल, सिवनी, नरसिंहपुर, गुना, सागर, उमरिया और नौगांव में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। गर्मी के चलते प्रदेश के अधिकांश जिलों में गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### लैंडस्लाइड के वीडियो सामने आए

*अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं। रामबन जिले में चेनाब नदी के पास धर्मकुंड गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया है। 10 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 25-30 अन्य घरों को भी नुकसान हुआ है। धर्मकुंड पुलिस ने 90-100 लोगों को सुरक्षित बचाया। उधमपुर जिले की सतैनी पंचायत में भी तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बिजली की आपूर्ति ठप है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों तक जम्मू-कश्मीर में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।*

सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी कर बुरे फंसे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे

# अवमानना की कार्यवाही की मांग अटॉर्नी जनरल के पास पहुंची चिट्ठी

दुबे की टिप्पणियों को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा के खिलाफ बताया गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ बयानबाजी के मामले में भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे घिरते नजर आ रहे हैं। इस मामले में देश के अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर सांसद के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की इजाजत मांगी गई है। आपराधिक अवमानना का मामला चलाए जाने की मांग दुबे की सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के खिलाफ टिप्पणियों को लेकर की गई है। अधिवक्ता अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को लिखे पत्र में कहा है कि निशिकांत दुबे ने सार्वजनिक रूप से जो बयान दिए हैं।

### भाजपा सांसद ने क्या कहा था

वकील ने आरोप लगाया है कि निशिकांत दुबे ने टिप्पणी 'बेहद अपमानजनक' और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से की है। आवेदन में कहा गया है कि दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि अगर कानून सुप्रीम कोर्ट को ही बनाना है, तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर भी निशाना साधा और उन्हें देश में गृह युद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराया।

मुख्यमंत्री ने दी प्रदेश के नागरिकों को बधाई

# सीएम ने गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़े दो चीते

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को वन्य जीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मंदसौर जिले के गांधी सागर अभयाण्य में दो चीते छोड़े। चीतों के नाम प्रभाष और पावक हैं। इन्हें कूनो नेशनल पार्क से यहां लाया गया है। दक्षिण अफ्रीका से फरवरी 2023 में लाए गए इन चीतों ने कूनो में दो साल बिताए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के छोड़े जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गांधी सागर अभयारण्य में 2 चीते छोड़े जाने का अवसर प्रसन्नता का विषय है।



जैसे ही पिंजरे से चीते को आजाद किया गया, छलांग लगाते हुए भागा

तालाब में डूबे दो चचेरे भाई

## नहाते समय गहरे पानी में गए एक-दूसरे को बचाने में गई जान

**शिवपुरी।** चमरऊआ गांव में रविवार दोपहर तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। ये हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास खनियाधाना थाना क्षेत्र में हुई।



करण केवट (18) पिता रघुवर केवट और अभिषेक केवट (13) पिता विक्रम केवट गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूबने लगे। बताया जा रहा है कि बड़ा भाई पानी में डूब रहा था, तो उसे बचाने के लिए छोटा भाई गया। इसी दौरान दोनों पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर निकाला।

नेता ने नाबालिग भाई-बहन को पीटा

## लड़की के पेट और प्राइवेट पार्ट पर आई चोट, केस दर्ज

**सागर।** जिले के बीना में सागर सांसद लता वानखेड़े के प्रतिनिधि और उसके साथियों ने नाबालिग लड़की और उसके भाई के साथ मारपीट कर दी।



▪ सांसद प्रतिनिधि पर पुलिस ने दर्ज किया केस

सांसद का प्रतिनिधि और रेलवे में सलाहकार समिति सदस्य बनने के बाद नौगांव के पूर्व सरपंच संतोष ठाकुर पावर में आ गया है। उन्होंने और उनके परिजनों ने पुरानी बुराई पर गांव के ही दो नाबालिगों पर जानलेवा हमला कर दिया। बीना निवासी संतोष कुशवाहा ने बताया कि उनका बेटा सुमित (17) रात 9 बजे दुकान पर सामान लेने जा रहा था। घर के सामने गोलू ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर हाथों में डंडा, लोहे की राड लिए मिले।

दमोह में पार्सल ट्रेन पटरी से उतरी

## तीन बोगियों के पहिए ट्रैक से नीचे, दो यात्री ट्रेनों को रोका

**दमोह।** यहां रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। मलैया मिल रेलवे फाटक के पास दोपहर करीब 3:00 बजे कटनी से बीना जा रही एक खाली पार्सल ट्रेन की तीन बोगियों के पहिए पटरी से उतर गए। ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेल विभाग के टेक्निकल प्रभारी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश पर तहसीलदार मोहित जैन भी स्थिति का जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे। हादसे के कारण कटनी से आ रही गोंडवाना एक्सप्रेस और बीना मेमू ट्रेन को रोकना पड़ा। रेल अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक क्लियर होने के बाद ही इन ट्रेनों को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए कटनी से विशेष उपकरणों से लैस एक स्पेशल ट्रेन भेजी गई। देर शाम तक बोगियों को वापस ट्रैक पर लाने की कवायद जारी रही। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पार्सल ट्रेन तीसरी लाइन से मेन ट्रैक पर शिफ्ट होते समय यह हादसा हुआ।

वीडियो वायरल होने के बाद एमपी सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत शिक्षक हो चुका सस्पेंड

शिक्षक ने बताया राजनीतिक साजिश, डीएनए टेस्ट कराने को तैयार

# छात्रों को शराब पिलाने के वायरल वीडियो पर स्कूल पहुंची जांच टीम, ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के खिरहनी के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के प्राथमिक शिक्षक का छात्रों को शराब पिलाने का मामला थम नहीं रहा है। तहसीलदार नितिन पटेल और बीईओ सहित अन्य अधिकारी रविवार को जांच करने स्कूल पहुंचे, जहां लोगों के बयान लेकर जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी जाएगी। वहीं, प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो मामला राजनीतिक साजिश है, जिसने यह वीडियो वायरल किया है वह हमारे परिवार का विरोधी है। हम स्कूल से उस दिन डेढ़ बजे घर गए थे, जहां पर खेल रहे बच्चों को स्प्राइट पीने के लिए दी थी।

## कटनी जिले के खिरहनी के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल का मामला



### क्या बोले गांव के लोग

गांव की रहने वाली सावित्री बाई सहित अन्य महिला ने बताया कि यहां पर बच्चे शराब का सेवन नहीं करते है और जो वीडियो बताया जा रहा है। यहां ऐसा कभी नहीं किया गया है। गांव के पूर्व पंच खुशीराम कोल ने बताया कि छात्र यहां स्कूल में पढ़ने आते हैं, यहां बच्चे शराब नहीं पीते।

### कलेक्टर के आदेश पर कार्रवाई

अधिकारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी ओपी सिंह को शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो को विभिन्न ब्लॉकों के अधिकारियों को भेजा गया और बाद में शिक्षक की पहचान लाल नवीन प्रताप सिंह के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि सिंह को कदाचार, बच्चों को शराब पीने के लिए प्रोत्साहित करने और शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में एमपी सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत तत्काल निलंबित कर दिया गया।




पीएम को नीतियां समझाने का मिलेगा स्वर्णिम मौका

# संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करें, साल में 100 दिन सदन भी चलाया जाए

## पूर्व अतिरिक्त सचिव देवेंद्र की किताब 'द इंडियन पार्लियामेंटः संविधान सदन टू संसद भवन' में सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है।



लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब 'द इंडियन पार्लियामेंटः संविधान सदन टू संसद भवन' में बताया गया है कि प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा और प्रधानमंत्री को सरकार की नीतियों को समझाने और आलोचनाओं का सीधे जवाब देने का मौका मिलेगा।

**बार-बार कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति रुकेगी**

*सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने को अवसर मिलेगा*



### कार्यवाही और प्रक्रिया में बदलाव होना जरूरी

किताब में कहा गया है कि संसद की कार्यवाही के बारे में जनता के मन में निराशा और अविश्वास कुछ सदस्यों के अनुचित दिखावे और लगातार अवरोध पैदा करने और अनैतिक आचरण का परिणाम है। संसद की कार्यवाही और प्रक्रिया के प्रारूप में बदलाव करने और नवाचार करने की जरूरत है। संसद की कार्यवाही में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने लिए किताब में साइबर इंटरफेस की भी मांग की गई है। बहस और चर्चा के सर्वोच्च मंच के रूप में, संसद को साल में कम से कम 100 दिन मिलना चाहिए और मजबूती से काम करना चाहिए।

**समस्याओं के समाधान पर होगा फोकसः** नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में पेश करने और समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### विपक्ष को मिलेगा सीधा जवाब साइबर इंटरफेस भी बनाएं

प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत और इसका प्रभावी इस्तेमाल विपक्ष के आरोपों का जवाब देने, खीझे हुए लोगों को शांत करने और कार्यवाही को बार-बार बाधित करने या उसे प्रभावित करने की प्रवृत्ति को रोकने में काफी मददगार हो सकता है। पुस्तक में सुझाव दिया गया है कि संसद को अधिक सम-सामयिक स्वरूप प्रदान करने और उसे बहस एवं जवाबदेही के अधिक प्रभावी मंच के रूप में उभारने के लिए, संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं में नवीनता लाना जरूरी है। पुस्तक में संसद के कामकाज से अधिक से अधिक लोगों को रूबरू कराने के लिए साइबर इंटरफेस बनाने का भी आह्वान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बेटे की शादी में नाच रहे पिता की अचानक मौत

**भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की पंतेहड़ा पंचायत के पट्टा रणौतां गांव में एक शादी की खुशियां मातम में बदल गई।



शुक्रवार शाम को पट्टा रणोतां गांव के निवासी जगत राम के बड़े बेटे की शादी समारोह धूमधाम से चल रहा था। वहां पर डीजे की धुन पर लोग नाच गा रहे थे। शनिवार तड़के बारात रवाना होने से पहले पिता जगतराम की मौत हो गई।

### दंपती को कार ने मारी टक्कर, 15 फीट दूर गिरे

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में एक दर्दनाक एक्सीडेंट का मामला सामने आया है। यहां उच्चैन



थाना क्षेत्र में सड़क किनारे चल रहे पति-पत्नी को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पति-पत्नी उछलकर काफी दूर जाकर गिरे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महिला की मौत हो गई है।

### अनुराग कश्यप अपना ज्ञान बढ़ाएंः मनोज

**मुंबई।** गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने अनुराग कश्यप के ब्राह्मणों पर पेशाब करने वाले



बयान पर रिएक्ट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मनोज ने अनुराग को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने सीमित ज्ञान के कारण सावधानी से शब्दों का चयन करने की सलाह दी है।

### खड़े इंडिगो विमान से टकराया टेंपो ट्रैवलर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट में शुक्रवार को एक टेंपो ट्रैवलर ने एक



इंडिगो विमान को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैवलर के चालक को मामूली चोटें आईं हैं। इंडिगो के बयान में कहा गया है कि चालक की लापरवाही के कारण टेंपो ट्रैवलर विमान से टकराया और मामले की जांच की जा रही है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलफ भाजपा ने बंगाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया? जवाबदेही तय हो

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार ने ममता सरकार पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासत जारी है। मुर्शिदाबाद हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमारे कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। मैं पूछना चाहता हूं कि पुलिस को किसने लाठीचार्ज करने का ऑर्डर दिया और जो भी इसका जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुझे लगता है कि पुलिस का लाठीचार्ज प्री-प्लान था। कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत

बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला



**बंगाल में प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव हों**

उन्होंने कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करना राजनीतिक विषय है, लेकिन हमने मांग की है कि जहां 50 फीसदी से कम हिंदुओं की आबादी है, वहां ये लोग वोट नहीं डालने देंगे। प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव होना चाहिए, सब लोगों को वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए।

**सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो हार नहीं सकते**

भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत है। अगर हिंदुओं में एकता और जागरूकता आ जाए तो मुसलमान उनसे (हिंदुओं) कभी नहीं लड़ सकते। हिंदू एक ऐसी कम्युनिटी है, जिसने 800 वर्षों तक गुलामी झेलने के बाद भी भारत वर्ष में सनातन को जिंदा रखा है। अगर सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो इस लड़ाई में कभी नहीं हार सकते।

**हिंदुओं को बचाना आज समय की मांग**

उन्होंने कहा कि बंगाल में बोलने से तो राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा, जिस तरह से मुस्लिम अत्याचार कर रहे हैं और सरकार मिलकर साथ दे रही है, उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी राष्ट्रपति शासन लागू होगा। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया सेकहा कि आज हम हिंदू बचाओ रैली निकाल रहे हैं। हिंदुओं को बचाना है और ममता बनर्जी को भगाना है।

बंगाल की आग पर फारूक का केंद्र पर वार

### नफरत को बताया हिंसा की वजह

जम्मू से नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर केंद्र



सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जान-बूझकर हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत पैदा की जा रही है, जिसकी वजह से यह नफरत अब हिंसा में बदल रही है। फारूक ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो हुआ वो सिर्फ नफरत का नतीजा है। वहां बुलडोजर चलाए गए। मस्जिदें गिरा दी गईं।

### मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक गिरफ्तार



मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

वक्फ पर बनाया 'बत्ती गुल' प्लान

### लगातार प्रदर्शन करेंगेः पर्सनल लॉ बोर्ड

वक्फ कानून को लेकर कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई



चल रही है। अब हैदराबाद में रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक महासभा आयोजित की, जिसे एआईएमआईएम का समर्थन मिला। इस महासभा में लगातार विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई। इस दौरान ये भी घोषणा की गई है कि 30 अप्रैल को ब्लैकआउट विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रात 9 बजे घरों की सभी लाइटें बंद रहेंगी।

रेखा ने लागू किया केंद्र जैसा मॉडल

# एक मंत्री 7 विधायक, 8 लोगों की टीम गठित की



**यह टीम विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास का रखेगी पूरा लेखा-जोखा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में तेजी से विकास के लिए रेखा गुप्ता सरकार ने पीएम मोदी वाला मॉडल लागू कर दिया है। केंद्र की मोदी सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना की तर्ज पर दिल्ली सरकार ने भी अपने सभी मंत्रियों को 7-7 विधायकों की जिम्मेदारी सौंपी है। हर एक मंत्री के साथ 7 विधायक लगाए गए हैं। 8 लोगों की यह टीम उन 7 विदानसभा सीटों पर योजना के तहत काम करेगी। तय करेगी की डेवपमेंट की योजनाएं फाइलों में न अटके। तेजी से उसे जमीन पर उतारा जाए। हर हफ्ते इसकी मीटिंग होगी। जिन मंत्रियों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने एक वॉट्सएप ग्रुप भी बनाया है। इस ग्रुप में सरकारी योजनाओं की जानकारी शेयर की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो भी फैसले सरकार ले रही है, उसकी जानकारी नीचे तक पहुंचे, ताकि लोगों तक उसे पहुंचा जा सके। इसी के माध्यम से विधायक अपनी रिपोर्ट भी देंगे, जिसे सीएम तक पहुंचाया जाएगा। तुरंत काम करने के लिए सरकार ने यह कोशिश शुरू की है।

**अब नहीं होगी पानी की चोरी आ गए जीपीएस**

दिल्ली में पानी की चोरी और धांधली रोकने के लिए जीपीएस वाले टैंकरों की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 1000 से अधिक नए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पानी के टैंकरों में जीपीएस लगा होगा। जिससे इनपर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुरारी के डीडीए मैदान में 1,111 जीपीएस युक्त पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 'दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी बनाएंगे



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि हम दिल्ली को लंदन पेरिस बनाने का दावा नहीं करते हैं। हम देश की राजधानी दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी जैसी थी, वैसी बनाने का वादा करते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा 1111 जीपीएस सिस्टम से लैस पानी के टैंकरों को रविवार को बुराड़ी स्थित संत निरंकारी मैदान से रवाना करते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज जो आप देख रहे हैं, वह हमारी सरकार के सुशासन और पारदर्शिता मॉडल का परिणाम है।

जयपुर में एसीबी का बड़ी कार्रवाई

# सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंची। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। जांगिड़ के जयपुर शहर, कोटपूतली, मौजमाबाद , उदयपुर, अजमेर, टोंक के विभिन्न ठिकानों



के साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, खनिज कार्यालय उदयपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में दो टीमें सर्च में लगी हैं। उनके स्वयं के नाम 19 , पत्नी सुनिता के नाम 3 परिसंपत्तियां, पुत्र निखिल के नाम 32 परिसंपत्तियां हैं।

कानून मंत्रालय ने कहा

# केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए खास कदम उठाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये



जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी। कानून मंत्रालय के अनुसार अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

*खरगे ने बक्सर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित किया*

# नीतीश कभी हमारी गोद में आकर बैठ जाते हैं तो कुर्सी के लिए वे मोदी के साथ हो जाते

एजेंसी ▶▶ बक्सर



■ भाजपा,जेडीयू पर साधा निशाना

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। रविवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के बक्सर के दलसागर स्टेडियम में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली में उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा के गठबंधन को मौकापरस्त बताया। कुर्सी के लिए नीतीश कभी कांग्रेस की गोद में आते हैं तो कभी भाजपा में जाते हैं।

**एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए**

खरगे ने कहा कि नीतीश सिर्फ कुर्शी के लिए बार-बार पाला बदलते हैं। नीतीश ने उससे गठबंधन किया, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की थी। पीएम मोदी झूठ की फैक्ट्री चला रहे हैं। बिहार में एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए।

**गांधी परिवार किसी के सामने नहीं झुकेगा**

खरगे ने कहा कि भाजपा हमें दुश्मन मानते हैं। उसने राहुल, सोनिया और रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जांच शुरू की है, यह हमें खत्म करने के लिए है। गांधी परिवार किसी के सामने झुकने वाला नहीं है।

**लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखीं :** खरगे की बिहार में भारी फजीहत हुई। सभा में लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखाई दी। जनसभा से भीड़ पूरी तरह से गायब थी। खरगे सभा को संबोधित कर रहे थे और कुर्सियां खाली पड़ी हुई थीं।

2 हाईकोर्ट में सुनवाई- एक ने कार्यवाही पर उठाए सवाल तो दूसरे ने की अहम टिप्पणी

# सिडको को फटकारा, महाराष्ट्र में कानून का शासन है या बाहुबल का

एजेंसी ▶▶ मुबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने नवी मुंबई में एक प्लॉट पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर सरकार की नगर नियोजन एजेंसी सिडको को फटकार लगाई है। कोर्ट ने इस दौरान पूछा कि राज्य में कानून का शासन है या बाहुबल का। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में कहा कि नगर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के अधिकारी अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करना चाहते। सिडको ने अदालत को बताया कि जब उन्होंने अवैध ढांचों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की तो बोकाडवीरा गांव के सरपंच ने उन्हें धमकी दी।

*जस्टिस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने कहा- कड़ी कार्रवाई की जाए*

**कानून का राज स्थापित करना जरूरी**



बेंच ने कहा कि अधिकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते समय पर्याप्त पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं और अवैधताओं को रोकना और कानून का शासन स्थापित करना प्राधिकारियों का कर्तव्य है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम यह समझने में असफल हैं कि क्या हम ऐसे राज्य में रहते हैं जहां कानून का शासन है या बाहुबल का शासन है। कोर्ट ने कहा कि बोकाडवीरा गांव के सरपंच की ओर से दी गई धमकियों को लोकतांत्रिक देश में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि सिडको अधिकारी अपने वैध कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

कर्नाटक हाई कोर्ट के जज दीक्षित ने तारीख मांगने पर कहा

### हिमालय भी भेजा गया तो मैं वहां भी जाऊंगा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक हाई कोर्ट के जज कृष्ण दीक्षित ने 17 अप्रैल को एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने ट्रांसफर की अफवाह पर



टिप्पणी की। दीक्षित ने यह टिप्पणी तब की, जब उनके समक्ष वकील ने एक मामले में तारीख मांगी, तो उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अगले सप्ताह दोनों पक्षों को एक अच्छी बेंच मिल सकती है। उन्होंने इशारा किया कि हाई कोर्ट से उनके आसन्न स्थानांतरण के कारण मामला जल्द ही किसी अन्य बेंच के समक्ष सूचीबद्ध हो सकता है।

**हम कहीं भी काम करने को तैयार :** जज दीक्षित ने मुस्कराते हुए कहा कि अगले हफ़्ते वैसे भी आपको एक अच्छी बेंच भी मिल सकती है। वे कहीं भी काम करने के लिए तैयार हैं। जब कोई सैनिक कहीं तैनात होता है, तो उसका कर्तव्य है कि वह वहां जाए। अगर हिमालय में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित की जाती है, तो मैं वहां भी जाऊंगा।

**ये शब्द न बोलें अधिवक्ता**

वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस राजगोपाल ने कहा कि मैं न्यायाधीश से अनुरोध करता हूं कि वे ये शब्द न बोलें। मैं बाहर कह रहा था, अगर हम विरोध करना नहीं सीखेंगे, तो हम नष्ट हो जाएंगे। न्यायमूर्ति रामचंद्र डी हुद्दार के साथ खंडपीठ में बैठे न्यायमूर्ति दीक्षित ने हंसते हुए कहा कि हम ऐसा नहीं करेंगे।

देवबंद में धार्मिक स्थल के बाहर पथराव

# 35 से 40 लोगों की भीड़ पहुंची 2 सेवादार घायल, हंगामा किया

एजेंसी ▶▶ देवबंद

यहां एक मंदिर के बाहर क्रिकेट खेल रहे बच्चों को मना करने पर पथराव हो गया, जिसमें मंदिर के दो सेवादार घायल हो गए। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आकर हंगामा कर दिया। रामलीला मैदान स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर शनिवार शाम कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। एक गेंद मंदिर के अंदर चली गई। मंदिर के सेवादारों ने बाहर आकर बच्चों को यहां खेलने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद तनाव हो गया था। आरोप है कि देर रात करीब 11 बजे



35- 40 लोगों की भीड़ वहां आ गई। देखते ही देखते पथराव होने लगा। मंदिर के सेवादार विजय प्रजापति और अंश शर्मा घायल हो गए। विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण में हंगामा किया। पुलिस ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे, छात्रों से करेंगे संवाद



**बोस्टन।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे शनिवार को बॉस्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। वे रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा।

### इलिनॉइस में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत



**ट्रिला।** अमेरिका के इलिनॉइस राज्य में शनिवार को खेत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने जानकारी दी कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे हुई।

## 15 दिन में दूसरी बार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

# हजारों लोगों ने राष्ट्रपति आवास को घेरा, पोस्टर में लिखा- 'महाभियोग लाओ... ट्रंप को हटाओ'

अमेरिका में प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दो हफ्ते बाद पूरे अमेरिका में दोबारा शनिवार को हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे हैं। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रंप पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे।

- 50501 यानी 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन
- 5 अप्रैल को भी ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे
- ट्रंप और मस्क की नीतियों के खिलाफ किए गए हैं प्रदर्शन




### झंडा उलटा कर बताया देश संकट में

डेनवर में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी कोलोराडो राज्य कैपिटल में जुटे। उन्होंने आप्रवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। लोगों ने बैनरों पर लिख रखा था कि 'हाथ मत लगाओ।' कुछ लोगों ने अमेरिका का झंडा फहराया तो कुछ ने उसे उल्टा कर दिया, ताकि यह बताया जा सके कि देश में संकट का समय चल रहा है। व्हाइट हाउस के बाहर ट्रंप के खिलाफ पोस्टर लेकर विरोध करती एक महिला ने पोस्टर पर लिखा- ट्रंप को अल सल्वाडोर जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए।

#### सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

राजधानी वॉशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। इलॉन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पॉलिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है।

#### 'कोई राजा नहीं... अत्याचार का विरोध करें'

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे ट्रंप के नागरिक अधिकारों और संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ हैं। न्यूयॉर्क में हाथों में तख्तियां लेकर लोगों की भीड़ मुख्य पुस्तकालय के बाहर जुटी। इन तख्तियों में अमेरिका में 'कोई राजा नहीं' और 'अत्याचार का विरोध करें' जैसे नारे लिखे थे।

#### ट्रंप के काम से खुश हैं 45% वोटर्स

अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45% अमेरिकी वोटर्स ट्रंप के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रंप के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41% वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है।

## पाकिस्तान की कायराना करतूत

# कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से किया साफ मना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक चाल चली है और भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से मना कर दिया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल, पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी।

इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं?इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है।



#### जाधव पर जासूसी का आरोप

कुलभूषण जाधव एक सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद ईरान के चाबहार में व्यवसाय कर रहे थे। 3 मार्च 2016 में पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से अगवा किया था। बाद में उन पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया। एक साल बाद यानी 2017 में पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में कुलभूषण जाधव को मौत की सजा सुना दी। भारत ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया और इसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्याय न्यायालय में अपील की।

#### आरोपों को खारिज कर चुका भारत

पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि ये जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

## अमेरिका पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण

# आईटी फर्मों, बैंकों के सीईओ और निवेशकों के साथ करेंगी द्विपक्षीय बैठकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार से 25 अप्रैल तक अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। रविवार को अमेरिकी दौर पर गई वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वित्त मंत्रालय ने बयान में बताया कि सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी। वे निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी। यहीं शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। वित्त मंत्री 26-30 अप्रैल के बीच पेरू का दौरा करेंगी। वह वित्त मंत्री पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे और पीएम गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करने के अलावा, पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वित्त मंत्री भारत-पेरू व्यापार मंच की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगी, जिसमें भारत और पेरू दोनों देशों के प्रमुख व्यापार प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर नेपाल में प्रदर्शन

**काठमांडू।** नेपाल की राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को पीएम के आधिकारिक आवास और संसद भवन के पास एक विरोध रैली निकाली। इसमें राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू राज्य के रूप में स्थापित करने की मांग की गई। बिजुलीबाजार-बानेश्वर इलाके में एकत्र हुए लगभग 1,500 प्रदर्शनकारियों ने गणतंत्र प्रणाली मुर्दाबाद, हमें राजशाही वापस चाहिए के नारे लगाए।, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद, नेपाल को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करो जैसे नारे लगाए।

## अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की परमाणु वार्ता खत्म

# दोनों देश बोले- बैठक सार्थक रही इस हफ्ते तीसरे दौर की होगी वार्ता

एजेंसी ▶▶ रोम



अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को इटली की राजधानी रोम में परमाणु समझौते पर दूसरे दौर की वार्ता कई घंटो की बातचीत के बाद खत्म हो गई। इस वार्ता में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हुए। दोनों के बीच समझौते पर वार्ता का यह दूसरा चरण था। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत 'रचनात्मकता' रही और इसमें 'बहुत अच्छी प्रगति' हुई। अब आगामी शनिवार को बातचीत का तीसरा चरण शुरू होगा। इससे पहले बुधवार को दोनों पक्ष तकनीकी मुद्दों पर बात करेंगे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने वार्ता के तुरंत बाद बताया कि ईरान अपने देश पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटवाने के लिए गंभीरता के साथ वार्ता जारी रखेगा।

### हार्वर्ड विश्वविद्यालय मामले में ट्रंप प्रशासन का यू-टर्न

**वॉशिंगटन।** 11 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को एक पत्र भेजा था। इसमें प्रवेश और पाठ्यक्रम के अलावा विश्वविद्यालय की फंडिंग को रोकने का उल्लेख था।मगर एक हफ्ते बाद ही ट्रंप प्रशासन ने माना किया हार्वर्ड विश्वविद्यालय को गलती से अनधिकृत पत्र भेजा गया था। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि यहूदी विरोध पर व्हाइट हाउस के टास्क फोर्स से मिलने वाला पत्र नहीं भेजा जाना चाहिए था। यह अनधिकृत था।



LOOK | SAATCHI & SAATCHI

# देश सेवा और धर्म-संस्कृति के कार्य कर रहा आर्य समाजः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



**महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में बोले मुख्यमंत्री, मौजूद रहे गुजरात के राज्यपाल**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित धर्मरक्षा महायज्ञ एवं वैदिक सनातन संस्कृति सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान धर्मरक्षा यज्ञ में हवन-पूजन कर प्रदेश कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय और राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा तैयार पुस्तिका चुनौतियों का चिंतन का विमोचन किया। मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती का पुण्यस्मरण किया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज को मानव कल्याण का कार्य करते हुए आज 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। आर्य समाज के द्वारा निरंतर देश सेवा, धर्म-संस्कृति की रक्षा तथा जनजागरण का कार्य किया जा रहा है।

सीएम साय ने बताया कि वे महर्षि दयानंद के विचारों से प्रभावित होकर वर्ष 1999 से आर्य समाज से जुड़े हुए हैं और विभिन्न अवसरों पर समाज के मनीषियों का मार्गदर्शन उन्हें प्राप्त होता रहा है। आर्य समाज महर्षि दयानंद के विचारों को आगे बढ़ाते हुए संस्कार और शिक्षा का पुनीत कार्य कर रहा है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन-मूल्यों और विचारों को आत्मसात करने से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक उन्नति का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने महर्षि दयानंद की संपूर्ण जीवन-यात्रा और उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि और देशी गौवंश की रक्षा एवं उनका संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर यदि हम गौपालन को लाभकारी बनाएंगे, तो समाज में उसकी रक्षा हेतु स्वाभाविक चेतना विकसित होगी। इससे सड़कों पर पशुओं के विचरण की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के माध्यम से हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, स्वामी धर्मानंद सरस्वती महाराज, सुरेश , कैप्टन रुद्रसेन, विनय आर्य, डॉ. राजेंद्र विद्या अलंकार, प्रबल प्रताप जूदेव, आर्य समाज के रामकुमार पटेल सहित आर्यवीर और आर्य समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

---

### प्रदेश में होने वाले जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण पर सीएम ने की चर्चा

# 27 को इंदौर में आईटी कॉन्कलेव व वैज्ञानिक सम्मेलन, विद्यार्थियों को प्रमुख संस्थानों के भ्रमण के लिए वंदे भारत ट्रेन से भेजा जाएंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**खास बातें**

- मुरैना में आयोजित स्वास्थ्य शिविर आदर्श उदाहरण
- विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं से जोड़ा जाए



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। इस अवसर पर म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 55 जिलों की जल संरचनाओं पर केंद्रित डिजिटल डाटाबेस प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति के अनुसार दो भिन्न ऋतुओं (प्री एवं पोस्ट मानसून) की सैटेलाइट के माध्यम से डिजिटल मैपिंग करना संभव हुआ है। नदियों और प्राचीन जल संरचनाओं का वर्गीकरण भी आसान हुआ है। इससे जल संरचनाओं के नाम, उनकी जियो टैगिंग से कर लोकेशन सुनिश्चित करने का कार्य भी हो रहा है। निश्चित ही यह सराहनीय प्रयास है। इंदौर में 27 अप्रैल को कॉन्क्लेव के साथ राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश में अनेक कार्य हो रहे हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं से जोड़ा जाए। उज्जैन स्थित साइंस सिटी, वैधशाला और प्लेनेटोरियम का भ्रमण करवाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने प्रदेश के सात सौ से अधिक विद्यार्थियों को नई दिल्ली और चंडीगढ़ के प्रमुख संस्थानों के भ्रमण के लिए वंदे भारत ट्रेन से भेजने की व्यवस्था की है।

**भोपाल गौरव दिवस पर हो ड्रोन शो जैसे आयोजन**

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोपाल गौरव दिवस पर ड्रोन शो जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएं। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से जिलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों के साथ दिव्यांगजन के हित में भी स्वास्थ्य परीक्षण और दिव्यांगजन के लिए उपयोगी उपकरणों के वितरण का कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में मुरैना में हुआ स्वास्थ्य शिविर एक आदर्श उदाहरण है, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

**आगामी तीन माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा**

डॉ .यादव ने प्रदेश में आगामी तीन माह में हो रहे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अधिकारियों से चर्चा की। सहकारिता और पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित गोपाल सम्मेलनों, डा. अम्बेडकर कामधेनु योजना, विद्यार्थियों को लेपटॉप और ई-स्कूटी प्रदाय करने, मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, पिछड़ी जनजाति वर्ग के सम्मेलनों, पेसा प्रतिनिधियों के सम्मेलन, प्रदेश में 70 बहुउद्देशीय केंद्रों के शुभारंभ, आवास योजना, श्रमिक कल्याण कार्यक्रम, मत्स्य कल्याण कार्यक्रमों में भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहभागिता करेंगे।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले पुरस्कृत होंगे**

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे तीन माह के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण में नागरिकों की भागीदारी और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर अच्छे परिणाम सामने लाएं। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।*

---

### भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक

# नए वक्फ संशोधन कानून को गांव-गांव तक पहुंचाएं मोर्चा कार्यकर्ताः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



नए वक्फ संशोधन कानून से आदिवासियों की संपत्तियां सुरक्षित हुई हैं। हमें अपने-अपने क्षेत्रों में इस कानून के प्रावधानों को जन-जन तक पहुंचाना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके एवं मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा कहा कि पहले वक्फ बोर्ड किसी की भी जमीन पर अपना दावा कर सकता था और यह साबित करना जमीन मालिक की जिम्मेदारी होती थी कि वह जमीन उसकी है। यदि वह ऐसा नहीं कर पाता था, तो जमीन पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो जाता था। अनेक आदिवासी भाईयों की जमीनों पर भी इसी तरह कब्जा किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लाकर इस पर रोक लगा दी है। इस बिल से संपत्ति पर अवैध कब्जे, वक्फ संपत्ति की बंदरबांट और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। वक्फ की संपत्ति से होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिमों के कल्याण के लिए किया जा सकेगा।

**घबराहट उन्हीं लोगों को जो वक्फ की जमीन पर कब्जा करके बैठे हैंः हितानंद**

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि वक्फ को कुछ तथाकथित लोगों ने घेर कर कब्जा कर रखा है इसलिए इसका लाभ गरीब मुसलमानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। मुस्लिम समाज के गरीब तबके को भी फायदा मिले इसलिए बिल को लाया गया है। वक्फ संशोधन बिल से सबसे ज्यादा घबराहट उन्हीं लोगों को हो रही है, जो वक्फ की जमीन पर कब्जा करके बैठे हैं। यही लोग जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।*

**आज से अजजा मोर्चा चलाएगा जनजागरण अभियानः गजेंद्र सिंह पटेल**

*अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के बारे में अजजा मोर्चा 20 अप्रैल से 05 मई तक जन जागरण अभियान चलाएगा। मध्यप्रदेश में आदिवासियों की 200 से अधिक संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है। वक्फ संशोधन बिल में आदिवासियों की जमीनों की चिंता की गई है।*

**नया वक्फ कानून बोर्ड को मजबूर नहीं मजबूत बनाएगा : केंद्रीय मंत्री उइके**

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि वक्फ बोर्ड का गठन ही गरीब, निर्धन, असहाय मुस्लिम समाज की मदद करने और उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए किया गया था। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने वक्फ बोर्ड को अपने हितों को साधने का जरिया बना लिया था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वक्फ कानून की कमियों को दूर करने के लिए संशोधन किया है। अब नया वक्फ कानून वक्फ बोर्ड को मजबूर नहीं मजबूत बनाएगा।

---

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण ही भाजपा का मूल भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत तेज गति वे विकास कर रहा देश**

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शनिवार को बालाघाट में भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए जामवाल कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन का मूल भाव ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण करना है।

भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी है। देश के आजाद होने से पहले गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब परिस्थितियां अनुकूल हैं, उन अवस्थाओं को और अधिक ठीक करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति वे विकास कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। जनता के कल्याण के लिए भाजपा की सरकारें लगातार कार्य कर रही हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण ही भाजपा की सरकारों और संगठन का मूल भाव है। हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना होगा और सभी योजनाओं को पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के लिए कार्य करना है।

---

### विहित-बजरंग दल ने किया आक्रोश प्रदर्शन

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा, लगे राष्ट्रपति शासन : पवार



कोहेफिजा थाने के सामने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा भोपाल के कोहेफिजा थाने के सामने आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर राष्ट्रपति शासन की मांग करते हुए भोपाल कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान विहिप मप्र-छग के क्षेत्रसंगठन मंत्री जितेंद्र पंवार ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से वक़्फ़ अधिनियम के बहाने से पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों द्वारा हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। स्पष्टतः इसके मूल में मुस्लिम तुष्टिकरण की दुर्भावना ही है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और सम्पति की रक्षा संभव नहीं है। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है, विश्व हिंदू परिषद् की सुविचारित राय एवं मांग है। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के कार्यक्रम में महंत अनिलनाद महाराज, प्रांत अध्यक्ष के एल शर्मा, प्रांत मंत्री राजेश जैन, कई सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत विभाग जिला प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# विस की कार्यवाही लाइव नहीं दिखाने को लेकर राज्य सरकार को नोटिस

**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने विधानसभा की कार्यवाही आम जनता को लाइव नहीं दिखाने को लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार लगातार आवाज उठाते रहे हैं और विधानसभा की कार्यवाही लाइव करने को लेकर सदन से सड़क तक मुखर रहे हैं। दरअसल यह नोटिस कांग्रेस विधायक सचिन यादव की जनहित याचिका पर दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हर साल करोड़ों रुपए सिर्फ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने को मिलते हैं, फिर भी सरकार आज तक एक ठोस कदम नहीं उठा पाई।

---

### भाटापारा पुलिस कर रही मामले की जांच

# विधायक के पीसीओ ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



विधायक इन्द्र साव के पीसीओ (निजी सुरक्षा अधिकारी) ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक पीसीओ का नाम दिगेंद्र गागड़ा बताया जा रहा है, जो जशपुर का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीसीओ दिगेंद्र ने अपनी जेईपीसी 30 राउंड वाली गन से तीन गोली खुद के सिर पर चलाकर आत्महत्या की।

ये घटना विधायक इन्द्र साव के निवास के पास बने क्वार्टर में हुई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही भाटापारा पुलिस व जिला पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कुछ माह पहले ही पीसीओ की शादी हुई थी।

---

### गर्भवती होने पर खुला मामला, स्कूल का शिक्षक और परिचित गिरफ्तार

# नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही



स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब होता है जब पीड़िता गर्भवती हो गई। मामले में नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के शिक्षक और पीड़िता के परिचय के व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पीड़िता और परिजनों की शिकायत पर मरवाही और पेंड्रा थाने में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जीपीएम जिले में एक शर्मसार करने का मामला सामने आया है जिसमें एक नाबालिग के गर्भवती होने के बाद खुलासा हुआ है कि नाबालिग को दो लोगों ने अपनी हवस का शिकार बनाया है। पहला मामला स्वामी मरवाही के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक के द्वारा दुष्कर्म आरोपी शिक्षक ने छात्रा के साथ स्कूल परिसर में किया। आरोपी मरवाही के ही बरैहा इलाके में रहने वाले जुगल किशोर दिनकर है, शिक्षक के द्वारा नाबालिग से जनवरी माह से लगातार आरोपी पीड़िता के साथ अनाचार कर रहा था, तो दूसरे मामले में पीड़िता के परिचय का आरोपी त्रिलोक आर्मो ने भी नाबालिग छात्रा के साथ एक बर्थडे पार्टी में मौका देखकर उसे बहला फुसलकर उसके साथ सुनसान जगह में दुष्कर्म किया।

**पुलिस कर रही जांच**

*पीड़िता जब गर्भवती हुई और घर वालों के द्वारा पीड़िता से पूछताछ किये जाने पर मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत पर मरवाही के बरैहा में रहने वाले शिक्षक जुगल किशोर दिनकर और पेंड्रा के जिल्दा गांव में रहने वाले त्रिलोक आर्मो के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले में आगे की कार्यवाही में जुट गई है।*

---

### फर्जी डॉक्टर यादव के ऑपरेशन के 20 दिन बाद हुई थी मौत

# पूर्व विस अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की मौत के मामले में अपोलो प्रबंधन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की मौत के मामले अपोलो के फर्जी डॉक्टर और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव ने स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल का ऑपरेशन किया था, ऑपरेशन के 20 दिन बाद उनकी मौत हो गई थी। सरकंडा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में 2006 में हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पं. राजेन्द्र शुक्ल की मौत के मामले में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपी डॉक्टर ने फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी कर इलाज किया और लापरवाही से मौत का कारण बना। स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के बेटे प्रदीप शुक्ल ने सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। जांच में आरोपी के नाम, जन्मतिथि और पिता का नाम तक अलग-अलग पाए गए हैं। आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी पहले ही मध्यप्रदेश के दमोह से हो चुकी है। इस मामले में अपोलो प्रबंधन को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि बिना दस्तावेज सत्यापन के अस्पताल प्रबंधन ने फर्जी डॉक्टर को भर्ती कर इलाज का मौका दिया, जिससे गंभीर लापरवाही हुई और मरीज की जान चली गई। पुलिस अब प्रबंधन की भूमिका की भी जांच कर रही है।



# फर्जीवाड़े के फरार 2 आरोपी जीआरपी के हाथ लगे

**फर्जी खातों से करते थे अनैतिक अवैधानिक गतिविधियों का संचालन**

जबलपुर।

जबलपुर रेल पुलिस (जीआरपी) ने संगठित रूप से आर्थिक अपराध करने वाले और बैंक खातों की खरीदी बिक्री को अंजाम देने वाले दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी पुलिस के मुताबिक सायबर सेल की मदद से फरार आरोपी लाल माटी निवासी नीरज शर्मा उर्फ नीरज चावला को चाक घाट रीवा से और अभय कोल को गिरफ्तार किया गया है। दराअसल इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये रेल एसपी शिमाला प्रसाद ने एक एसआईटी गठित की थी, जिसमें डीएसपी लोकोश मार्को, जीआरपी निरीक्षक श्रीमति अरुणा वाहने, एएसआई रौशन लाल सहित अन्य पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया था। पूर्व में पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में यह बात सामने आई थी की पकड़े गये आरापी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को भ्रमित कर बैंक खाते खुलवाते थे और डाक्यूमेंट अपने पास रख लेते थे। जिनका उपयोग फिर आनलाईन गेमिंग सट्टा जुआ आदि अन्य अवैध गतिविधियों में होता था। पुलिस ने आरोपी नीरज चावला और आरोपी अभय कोल को गिरफ्तार कर उनसे मोबाईल फोन और मामले से संबंध 500 रुपये नगद बरामद किये। गिरोह के सदस्यों से दर्जनों एटीएम कार्ड पास बुक चैक बुक मोबाईल फोन आदि जप्त किये जा चुके हैं। रेल पुलिस लोगों से अपील की है की किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सरकारी लाभ दिलाने के नाम पर बैंक खाता खोलने आदि के नाम अपने दस्तावेज और जानकारी सांझा न करें। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# जेडीए की जमीनों पर फर्जीवाड़े में पुलिस की छापेमारी

**युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जतिन राज की तलाश**

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की खाली पड़ी जमीनों को फर्जी तरीकों से नामांतरण कराकर हड़पने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी युवक कांग्रेस का पूर्व अध्यक्ष और पूर्व पार्षद जतिन राज निकला है। पुलिस का कहना है कि जतिन राज ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा रचा था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और राज खुलने के आसार और लम्बा फर्जीवाड़ा उजागर हो सकता है। ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार का कहना है की पकड़े गये आरोपी कयाज उर्फ शुभम उर्फ शिवम निवासी सैफ नगर रद्दी चौकी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि विजय नगर निवासी जतिन राज अपने साथियों मनोज नामदेव, छोटू ठाकुर व अन्य के साथ मिलकर जेडीए की खाली पड़ी जमीनों की जानकारी एकत्र करते थे, फिर उसके बाद फर्जी उत्ताराधिकारी बनकर दस्तावेज तैयार करते, इसके बाद जमीन को अपने नाम कराकर बेच देते थे। इसके बदले कमीशन के रुप में रुपया देते रहे। गौरतलब है कि जतिन राज युवक कांग्रेस का नगर अध्यक्ष व पार्षद रह चुका है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।


# एक मई से जमानत के लिए मुजरिम का आपराधिक रिकार्ड बताना होगा अनिवार्य

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर, हाईकोर्ट ने जारी किया प्रारुप

जबलपुर।

डिफाल्ट जमानत, अंतरिम जमानत, अग्रिम जमानत सहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग करने वाले मुजरिमों को अब जमानत आवेदन के साथ-साथ पूर्व में दर्ज हुए अपराधिक मामलों की जानकारी कोर्ट में अनिवार्य रुप से देना होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देशभर में यह व्यवस्था 1 मई से बदली जा रही है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के आदेश पर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार संदीप शर्मा ने इसका प्रारूप जारी कर दिया है।

मुन्नेश बनाम मध्य प्रदेश प्रकरण में यह बात सुप्रीम कोर्ट के सामने आई है कि 3 अप्रैल 2025 को जस्टिस दीपंकर दत्ता व जस्टिस मनमोहन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान पाया कि आवेदक ने अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी नहीं दी। जबकि उसके खिलाफ 8 मामले दर्ज थे। डिवीजन बेंच ने मामले पर सुनवाई करने के साथ देशभर के न्यायालयों को आदेश दिया है कि जमानत की अर्जी के साथ पूर्व प्रकरणों की पूरी जानकारी ली जाए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ



अधिवक्ताओं का कहना है कि एक मई से यह बदलाव किया जा रहा है।

इसके बाद जमानत आवेदन के साथ मुजरिम का आपराधिक रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से बताना होगा। सीआरपीसी में साल 2008 में यह संशोधन किया गया था। कई मामलों में मुजरिम पर पहले से केस दर्ज है तो कोर्ट उसकी जमानत अमान्य कर सकता है। अभी जमानत के मामलों में सरकार मुजरिम का आपराधिक रिकॉर्ड देती थी पर अब मुजरिम को खुद देना होगा। इस जानकारी के बगैर जमानत की अर्जी स्वीकार्य ही नहीं की जाएगी। प्रारूप में एफआईआर नंबर, किन धाराओं में केस दर्ज किया गया। किस पुलिस स्टेशन में केस दर्ज है और यह पुलिस स्टेशन किस जिले में है। आदि जानकारी मांगी गई है।

### इन मामलों की जानकारी देना होगा अनिवार्य

अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 14 के तहत अस्थायी जमानत, सजा का निलंबन/आपराधिक अपील या कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग के लिए किसी अन्य उचित कानूनी उपाय के माध्यम सेए मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में जमानत देने के लिए दायर किए जाने वाले ऐसे सभी आवेदनों में जमानत के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, प्रिंसिपल सीट जबलपुर, इंदौर व ग्वालियर की खंडपीठों में एक अक्टूबर 2017 से दायर किए ऐसे सभी आवेदनों में अपेक्षित जानकारी भरना अनिवार्य होगी।

# रजिस्ट्री के नाम पर 1 लाख 45 हजार हड़पे

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत सगड़ा ग्राम में सेवा निवृत्त अधिकारी को एक जालसाज ने चिकित्सक के प्लाट बेचने के नाम पर रजिस्ट्री का झांसा देकर 1 लाख 45 हजार रूपए हड़प लिये। आरोपी के खिलाफ धोखा धडी व अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिसने बताया कि मध्यप्रदेश शासन से सेवा निव्त्त अधिकारी अलताफ अंसारी ने नैनपुर निवासी डॉ अनिता दुबे से सगड़ा स्थित १५ सौ वर्ग फीट का प्लाट खरीदने चार वर्ष पूर्व सौदा कियाथा उक्त प्लाट को खरीदने डॉ अनिता दुबे व डॉ। आबिद मंसूरी ने रितेश शर्मा व मुदुल मिश्रा से रजिस्ट्री करायी थी। आबिद मंसूरी ने खरीददार अलताफ अंसारी से कहा था कि उन्हीं लोगों से रजिस्ट्री करवाना जिनके पासहमारे पूरे दस्तावेज हैं इससे काम में आसानी होगी। मंसूरी की बातों में आकर अलताफ ने रितेश शर्मा व मृदुल मिश्रा से संम्पर्क सादा रितेश ने बताया कि मृदुल मिश्रा से सम्पर्क कर लें। हमारा सारा काम वे ही देखते हैं अंसारी ने प्लाट की रजिस्ट्री के लिए गत 10 जुलाई 2021 को मृदुल मिश्रा को 1 लाख 94 हजार रूपए का भुगतान किया। रजिस्ट्री में मृदुल के आनाकानी करने पर जब अंसारी ने पैसे वापस मांगे तो मृदुल ने 49 हजार रूपए वापिस किये। शेष राशि एकमाह के भीतर लौटाने का वादा किया। मृदुल मिश्रा के घर जाने पर पता चला कि दो तीन माह से वह सपरिवार ग्वालियर में रह रहा है। इस तरह अमानत में ख्यानत कर आरोपी ने सेवानिवृत्त अधिकारी को 1 लाख 45 हजाररूपए की चपत लगा दी।

# एलएनटी कम्पनी के इंजीनियर का शव दूसरे दिन बरामद

**जबलपुर।** घुघरी स्थित कैनाल में डूबे आंध्र प्रदेश निवासी एलएनटी कंपनी के इंजीनियर का शव दूसरे दिन रविवार को बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम को नीरज चौरसिया 28 वर्ष निवासी ग्राम छपारा सिवनी ने सूचना दी कि वह लगभग 2 वर्ष थीम इंजीनियरिंग कम्पनी में निरीक्षण एवं क्वालिटी कन्ट्रोल का काम करता है एवं एलएनटी कम्पनी द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण करता है। शनिवार को एनएनटी कम्पनी के ग्राम सोमती स्थित साईड चैक करने आया था, साईड पर बुधाती सम्बा शिवा राव पिता कोटेश्वरा राव 30 वर्ष निवासी इंद्रा नगर एपुरू पालेन जिला प्रकाशम आंध्र प्रदेश एवं शिवांक प्राण्डे 23 वर्ष निवासी अन्नपूर्णा नगर थाना जय सिंह जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के मिले, बुधाती सम्बा राव एलएनटी कम्पनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उसने साईड का काम चैक किया। दोपहर में गर्मी ज्यादा होने से लगभग 3 बजे नहाने के लिये घुघरी स्थित कैनाल पहुंचे एवं शिवांक पाण्डे नहर के उपर बैठा था वह नहर की सीढी पर बैठकर नहा रहा था नहाते समय बुधाती सम्बा राव का पैर फिसल गया जो नहर के पानी में बह गया है। सूचना पर गुमइंसान कायम कर जांच में लिया गया। रैसक्यू टीम से तलाश कराई जा रही थी रविवार को उसका शव बरामद कर लिया गया है।

# लॉर्डगंज क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का प्रदर्शन

जबलपुर।

लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, नशे के बढ़ते कारोबार, असामाजिक गतिविधियों और पुलिस की कथित अवैध चालानी वसूली के खिलाफ जबलपुर की नगर कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने विधायक लखन घंघोरिया के नेतृत्व में लॉर्डगंज थाने का घेराव किया और पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा।श्रीनाथ की तलैया से शुरू हुई पदयात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जो नारेबाजी करते हुए थाने पहुँचे और क्षेत्र की स्थिति पर आक्रोश प्रकट किया।

विधायक लखन घंघोरिया ने प्रदर्शन के दौरान कहा, लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में नशे का जाल युवाओं को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। चोरी, छेड़छाड़ और लूट की घटनाएं आम हो गई हैं। पुलिस जनसेवा की बजाय चालानी कार्रवाई की आड़ में अवैध वसूली कर रही है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए,



तो कांग्रेस जन-आंदोलन तेज करेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ 'नाटी' शर्मा ने कहा अगर पुलिस जनता की सुरक्षा करने की बजाय उन्हें डराने का माध्यम बन जाए, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। नशे और अवैध वसूली पर रोक हमारी प्राथमिक मांग है। इस प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नेताओं में पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेंद्र जैन 'जग्गू', डॉ. अरविंद जैन, मतीन अंसारी, कदिर सोनी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, झल्ले लाल जैन, मुकेश राठौर, अनुराग जैन 'गढ़वाल', विजय जैन 'चुन्ना', अतुल बाजपेई, और पार्षद अयोध्या तिवारी, याकूब अंसारी, गुलाम हुसैन, संजय साहू, हर्षित यादव, राकेश पांडे सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। इस मौके पर वकील अंसारी, अख्तर अंसारी, गुड्डू नवी, प्रमोद पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिव कुमार चौबे, आज़म अली खान, आरिफ बेग, संजय अहिरवार, शमीम अंसारी, ताहिर अली, रितेश अग्रवाल, रविंद्र गौतम, रितेश बंटी, इस्तियाक अंसारी, दिलीप साहू, रज्जू सराफ, रंबल विश्वकर्मा, सुबोध पहाड़िया, सचिन बाजपेई, पी.पी. पटेल, आसिफ इकबाल, रिजवान कोटी, तौफीक चंकी, सोनू सोनकर, प्रकाश पटेल, आलोक गुप्ता, यश घंघोरिया, रिंकू यादव, जैसे सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे। कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जनता की आवाज़ नहीं सुनी गई, तो संघर्ष सड़क से सदन तक जारी रहेगा।

# गांधी चौक में शराब दुकान का विरोध तेज

**महिलाओं ने किया उग्र प्रदर्शन**



**जबलपुर।** रांझी से स्थानांतरित होकर गांधी चौक परशु राम बस्ती में खुली शराब दुकान का विरोध तेज हो गया है. पूर्व में विरोध के चलते दुकान को नई जगह शिफ्ट किया गया था, लेकिन वहां भी महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया है। रविवार सुबह 11 शराब दुकान के सामने जमकर प्रदर्शन करते हुए दुकान को हटाने की मांग कर नारेबाजी की गई। इस दौरान सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वही शराब दुकान न हटने पर स्थानीय महिलाओ ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस दौरान बजरंग दल की प्रांतीय अध्यक्ष प्रीति धंधारिया ने कहा की दुकान के सामने उग्र आंदोलन किया जाएगा। वही स्थानीय महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खुलने से बच्चे-बच्चियां ट्यूशन और स्कूल नही जा पा रही है।

शराबी रास्ते मे छेड़छाड़ करते है। महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है। शाम ढलते ही अंधेरे में असमाजिक तत्व लूटपाट करते है,इसलिए शराब दुकान कही और स्थांतरित की जाए।

# पश्चिमी हवाओं से गर्म हो रहा मौसम

**चिलचिलाती धूप कर रही बेचैन, पारा 40 डिग्री के पार**

**जबलपुर।** पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण गर्म हो गया है। दिन में गर्मी जोरदार एहसास कराने लगी है। अब तो रात में भी गर्मी महसूस की जाने लगी है। परिस्थितियां पूरी तरह से गर्मी के अनुकूल होती जा रहीं हैं। शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। दिन में लोग गमछा, टोपी, चश्मा पहनकर घूप से बचाव करने लगे हैं। कूलर, पंखों की पूछ-परख बढ़ गई है। सूर्य की तेज तपन के दौरान सुबह 8 बजे से ही धूप चुभने लगती है और दोपहर तक धूप असहनीय हो जाती है। दोपहर में बाहर निकलना



मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 2 दिनों से अधिकतम तापमान 40 से ४२ डिग्री के आसपास झूल रहा था। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 44 प्रतिशत और सायंकाल 39 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 44 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 33 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक 44 डिग्री तापमान सीधी व शिवपुरी में दर्ज किया गया। पश्चिमी हवायें 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



# डीजीपी का आया फरमान, मैदान में उतरे अफसरान

## डीआईजी से लेकर सीएसपी तक सबने किया थानों का औचक निरीक्षण

जबलपुर।

पुलिस की कार्यप्रणाली को चुस्त दुरुस्त रखने और थानों में पहुंचने वाले फरियादियों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई के मद्देनजर प्रदेश पुलिस के मुखिया कैलाश मकवाना का निर्देश मिलते ही. पुलिस के तमाम आला अधिकारी सभी जिलों में मैदान में उतरे देर रात डीआई से लेकर सीएसपी स्तर तक के अधिकारियों ने पुलिस थानों का औचक निरीक्षण किया. इसी कड़ी में जबलपुर में देर रात डीआईजी अतुल सिंह बरेला थाना पहुंचे और एएसपी आनंद कलांदगी गोहलपुर थाने पहुंचे. उसके अलावा सभी सीएसपी ने अपने अपने कार्यक्षेत्र के पुलिस थानों का औचक निरीक्षण किया.डीआईजी ने बरेला थाने का निरीक्षण करते हुये ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की बीटवार जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी की समस्या का समाधान ही हमारी प्राथमिकता है, इसलिए इस बाता ध्यान रहे कि उन्हें अपनी शिकायत लेकर बेवजह न भटकना पड़े।विशेष तौर पर उन्होंने महिला संबंधी अपराधों पर तत्काल संज्ञान लेने की बात कही।



### मैदान में उतरे एएसपी, सीएसपी

इसी तरह एएसपी आनंद कलादगी ने यातायात थाना मालवीय चौक ,गोहलपुर, विजयनगर थाना, एएसपी समर वर्मा ने थाना गढ़ा, एएसपी सोनाली दुबे ने महिला थाना, थाना मदन महल, थाना गोरखपुर, एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने थाना पाटन, सीएसपी प्रियंक करचाम ने थाना पनागर, अधारताल, सीएसपी रीतेश कुमार शिव ने थाना मदन महल, लार्डगंज और चौकी स्नेहनगर, सीएसपी सोनू कुर्मी ने थाना सिविल लाइन, सीएसपी सतीश कुमार साहू ने थाना रांझी, सीएसपी एचआर पांडे ने थाना गोरखपुर, मदन महल और संजीवनी नगर, सीएसपी राजेश सिंह राठौर ने थाना घमापुर, हनुमानताल, सीएसपी उदयभान सिंह ने थाना केंट, सीएसपी देवेंद्र सिंह राजपूत ने थाना तिलवारा, डीएसपी बीएस गठौरिया ने थाना विजय नगर, डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय ने थाना कुंडम, डीएसपी पारुल शर्मा ने थाना सिहोरा और खितौला और डीएसपी अंशुल मिश्रा ने थाना बरगी और भेड़ाघाट का औचक निरीक्षण किया।

### डीजीपी लगातार कर रहे मानीटरिंग

बताया जा रहा है कि प्रदेश भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आला अफसरों के फील्ड पर उतरने से थानों में तैनात अमला सजग हो जाता है। जो अफसर थानों का निरीक्षण करने पहुंचे, उन्होंने भी थाना प्रभारियों और समस्त स्टाफ को यही निर्देश दिए कि पुलिसिंग ऐसी करें कि अपराधियों में खौफ रहे और फरियादी बेखौफ होकर अपनी पीड़ा पुलिस को बता सके।

### वन विभाग ने आग बुझाने का नहीं किया प्रयास

# 100 एकड़ वन क्षेत्र में लगी आग जीव जंतु और वृक्षों को हुई हानि



हरिभूमि भेड़ाघाट।

प्राकृतिक सुंदरता को वृक्षों से ही बचाया जा सकता है वृक्ष हैं तो कल जीवन हैं लेकिन भेड़ाघाट क्षेत्र में पुलिस क्वार्टर के पीछे से लेकर हरे कृष्णा आश्रम तक 100 एकड़ से ज्यादा में वन लगे हैं और यहां पर भू माफियाओं द्वारा जंगल में आग लगा दी गई जिससे जीव जंतु और वृक्षों को भारी हानि हुई। जानकारों का कहना है कि आग दो दिन तक लगी रही किंतु वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सोते रहे किसी ने भी आग बुझाने के प्रयास नहीं किया। सूत्रों का कहना है कि भूमाफियाओं द्वारा रातों-रात वृक्षों का कत्लेआम भी किया जाता है। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिससे भेड़ाघाट में घटते वृक्षों से पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ रहा है। वृक्षों से ही हमें शुद्ध वायु मिलती हैं भेड़ाघाट क्षेत्र में कटते जंगल से भूमाफियाओं ने कब्जा करके खेती कर रहे हैं और वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं इतने बड़े परिक्षेत्र में आग लगने की घटना से क्षेत्र के समाज सेवी विजय पांडे, बीएसपी बरगी विधानसभा प्रभारी राम प्रसाद चड़ार ने आरोप लगाया कि वन विभाग की लापरवाही से वृक्षों को हानि हुई हैं वन विभाग के लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग शासन प्रशासन से की गई।

### शासन प्रशासन को गुमराह कर रहे वन विभाग के अधिकारी

भेड़ाघाट क्षेत्र में शासकीय भूमि को लेकर भूमाफिया माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने की होड़-सी लगी हैं सरस्वती घाट में भी बेजा कब्जा किये जा रहे हैं पहाड़ियों को खोद कर मकान बनाए जा रहे हैं और यह सब 300 मीटर के अंदर हो रहा है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भूमाफियाओं को खुला छूट दे दी गई हैं जिससे आए दिन वृक्षों का कत्लेआम हो रहा हैं। आग लगने की घटना से यह साबित हो रहा है की वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से भेड़ाघाट का वन परिक्षेत्र सुकडता जा रहा है। वृक्ष लगाने के नाम पर वन विभाग में करोड़ों रुपया खर्च किए जाते हैं। जो वृक्ष लगे हैं उनकी रक्षा भी नहीं की जाती है तभी तो आग लगने की घटना ने यह साबित कर दिया कि वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी कितने लापरवाह है।



हार्टफुलनेस ट्रेनर ने दिए तनाव मुक्ति के साथ ध्यान करने के टिप्स

## ध्यान की 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि बरगी।

थाना बरगी व नगर की पुलिस चौकी पर हार्टफुलनेस ध्यान की तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें समस्त पुलिसकर्मी को तनाव मुक्ति के साथ ध्यान कराया गया व ध्यान करने के टिप्स दिए गए हार्टफुलनेस ट्रेनर विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि, हार्टफुलनेस संस्था और मध्यप्रदेश पुलिस के बीच एक एमओयू हुआ है जिसके चलते मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए, तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने की अपरिहर्ता ,पुलिस सेवा के प्रति सतर्कता, परिवार के प्रति जागरूकता ,तनावमुक्त अंतरमन रखने के लिए तीन दिवस ध्यान की कार्यशाला के साथ ध्यान के लाभ व ध्यान करने के टिप्स दिए गए ।श्री विश्वकर्मा ने बताया कि, यह कार्यशाला प्रदेश की समस्त पुलिस इकाइयों को कराई जा रही है ।


हार्टफुलनेस ट्रेनर विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि, इस कार्यशाला में ट्रेनर के साथ तीन परिचयात्मक ध्यान सत्र करने की अनिवार्यता जिसमें तनाव मुक्ति ध्यान ,मानसिक बोझ हटाने की विधि व स्वयं से जोड़ने की विधि के साथ इसे प्रतिदिन के अभ्यास में लाया जाए जिससे आत्म अवलोकन क्षमता , अंतरज्ञान, सकारात्मक, आंतरिक ऊर्जा, समंजसाय, प्रसन्नता, तानवमुक्त मन आदि का विकास होता है।

तीन दिवस की इस कार्यशाला के मौके पर हार्टफुलनेस ट्रैनर विपिन विश्वकर्मा, डॉक्टर यतिन खैर , संजीव ताम्रकार, प्रकाश अहिरवार , रजनी विश्वकर्मा, आर के व्यास ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय

## ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार 8 को

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा का व्रतबंध उपनयन संस्कार 8 मई को आयोजित होगा उक्ताशय का निर्णय शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित कार्यकारिणी की मासिक बैठक में लिया गया। समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम की पूजा एवं अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई बैठक में ब्राह्मण समाज के आगामी समय में होने वाले चुनाव के साथ साधारण सदस्यता अभियान के संबंध में चर्चा हुई। इसी तरह भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 30 अप्रैल को संयुक्त ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित वाहन रैली में पूर्ण सहयोग का भी निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सिहोरा के संरक्षक प्रकाश पाण्डेय,जयप्रकाश दुबे, महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण गौतम, के जी पाठक, अनिल कुररिया, एम एल गौतम, राजेश मिश्रा, अनिरुद्ध त्रिवेदी, सुरेन्द्र तिवारी, अशोक उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय, राजेन्द्र गर्ग, नरेन्द्र खम्परिया, अनिल दुबे, सुनील तिवारी, नीरज पांडे, नवनीत शुक्ला आदि उपस्थित थे।





### रत्नेश दुबे बने मंडल उपाध्यक्ष

**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल ने रत्नेश दुबे को नगर मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।इनकी नियुक्ति पर सभी भाजपा कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

### युवा संगम कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा शासन द्वारा प्रायोजित स्व-रोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सोमवार 21अप्रैल को शासकीय मॉडल आईटीआई में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार एम एस मरकाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय मॉडल आईटीआई और जिला व्यापार एवं उद्योग के सहयोग से आयोजित किये जा रहे युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी। युवा संगम कार्यक्रम में दसवीं या बारहवीं उत्तीर्ण अथवा स्नातक, आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले 18 वर्ष से 30 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा चयन किया जायेगा। युवाओं को शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी कार्यक्रम में प्रदान की जायेगी। उप संचालक रोजगार ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक युवा शासकीय मॉडल आईटीआई में सुबह 11 बजे अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे।

देश धर्म संस्कृति की निशुल्क शिक्षा का द्विवार्षिक मंथन

## अनंत आनंदालय में हो रहा है भावी भारत का निर्माण

हरिभूमि जबलपुर।

अनंत शैक्षणिक संस्थान के सेवा भावी प्रकल्प अनंत आनंदालय में नई पीढ़ी को संस्कारित करने तथा उन्हें देश धर्म समाज एवं संस्कृति से जोड़ने की निःशुल्क शिक्षा देने का अनूठा प्रयास प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से दत्तमन्दिर गोलबाजार में किया जा रहा है । जबलपुर में इसकी शुरुआत 22 अप्रैल 2023 अक्षय तृतीया के दिन हुई । लगातार 2 वर्षों से यह प्रकल्प समाज सेवा के भाव से संचालित हो रहा है । आनंदालय के द्वितीय वार्षिक महामंथन के अवसर पर संचालक डॉ बी के पांसे ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को व्यावहारिक बातों से जोड़ना है स्कूल का सिलेबस बच्चों को विषय का ज्ञान कराने में सक्षम है लेकिन उनको व्यावहारिक शिक्षा की भी आवश्यकता है । आज बच्चों को नैतिक आचरण की तरफ प्रेरित करने की आवश्यकता है । छोटी छोटी अच्छी आदतों से बच्चों को जोड़ने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह प्रकल्प समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए खुला हुआ है हम आगे भी निरंतर इसको संचालित करते रहेंगे ।

इस सेवा प्रकल्प में अभिनेष आचार्य की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं. आपने कोविड काल से इस प्रकार की शिक्षा पद्धति का विकास किया था देश के अनेक शहरों में आप बच्चों को संस्कृति से जोड़ने की शिक्षा देने के लिए जाते हैं आप बड़ी कुशलता से नई पीढ़ी के बच्चों को जोड़ लेते है । खेल खेल में बच्चों को शिक्षा देना आपकी प्रमुख विशेषता है ।

यहां श्री अभिनेष द्वारा कुछ ऐसे नवाचार कराए जाते है जिससे बच्चों की चिडचिडाहट, एवं अकारण क्रोध में कमी आयी है । सामाजिक विषयों के प्रति उनका रुझान बढ़ा है तथा अनेक व्यावहारिक बातों को आत्मविश्वास के साथ बच्चे बोलने लगे हैं ।विशेष रूप से ऐसे अनेक बच्चे हैं जिन्होंने मोबाईल ओर टी व्ही का उपयोग भी कम कर दिया है ।

बच्चों के माध्यम से परिवारों का वातावरण भी सकारात्मक हो रहा है। दत्तमन्दिर में आयोजित आनंदालय के द्वितीय वार्षिक महामंथन के अवसर पर शहर के धर्मिक,चिकित्सा, सामाजिक, राजनीतिक, एवं सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले गणमान्यजन बच्चों के मातापिता सम्मिलित हुए। साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का संयोजन डॉ दीपक साहू द्वारा किया गया ।

### 22 को होगा धरती का श्रृंगार

**जबलपुर।** पृथ्वी दिवस पर धरती मां का रंगोली सजाकर श्रृंगार किया जाएगा संस्था के महामंत्री संजय सागर सेन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर संस्कार भारती के कला साधकों द्वारा प्रेममंदिर राईट टाउन में सुबह 8 बजे पृथ्वी मां का आकर्षक रंगोली सजाकर एवं पूजा अर्चन कर पूरे देश में एक साथ 1200 बारह सौ इकाईयों द्वारा नया संदेश देने की योजना है। मंगलवार सुबह 8:00 बजे से आम नागरिकों के लिए विशेष डिजाइन में रांगोली अवलोकनार्थ रहेंगी ।संस्था की अध्यक्ष श्रीमती माला सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि विशेष रांगोली को जरूर देखें एवं जो अच्छा लगे उसे करने की कोशिश करें ।

दुनियावी विषय विकारों का परित्याग करने पर ईश्वर उपासना का सरल मार्ग प्रशस्त होता है

## आस्था पूर्वक मनाया गया गुरु अर्जनदेव जी का प्रकाशोत्सव



**जबलपुर।** सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव जी का प्रकाशोत्सव आज नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा ग्वारीघाट में आयोजित कीर्तन दरबार में बाबा लखबिंदर सिंह ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब, गुरु अर्जन देव जी की महान देन है, जिसमें दुनियावी विषय विकारों का परित्याग कर ईश्वर उपासना का सीधा और सरल मार्ग प्रशस्त होता है । सुखमणि साहिब सहित 30 रागों में गुरुजी के 2218 शबद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में शिद्दत से दर्ज हैं। ज्ञानीजी ने सरबत के भले की अरदास संपन्न कराई। तदोपरांत गुरु का लंगर वितरित किया गया । इस मौके पर खालसा सेवक जत्थे के सहयोग से साध संगत द्वारा निशान साहिब लहराने की कारसेवा की गई। चोला साहिब भेंट करने का सौभाग्य स. सरबजीत सिंह, सर्वेश सिंह परिवार को मिला । प्रधान साहब गुलजीत सिंह ने आभार व्यक्त किया।

गुरुद्वारा मढ़ाताल में रागी जत्था भाई नरिंदर सिंह एवं साथी साजिंदों ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद ₹जपियो जिन अर्जन देव गुरु, फिर संकट जोन गर्भ न आयो₹ पेश कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। प्रधानसाहब स. प्रताप सिंह विरदी ने लख लख बधाइयां संप्रेषित कीं । यहां स्त्री सत्संग सभा के नेतृत्व में मातृशक्ति द्वारा 40 दिवसीय श्रृंखलाबद्ध श्री सुखमणि साहिब का जप तप सिमरन शुरू किया गया । यह 30 मई तक प्रातः 6 बजे से 7.15 बजे तक निरंतर जारी रहेगा।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर में आयोजित वार्षिक सभा में प्रधानसाहब श्री रजिंदर सिंह छाबड़ा ने बताया कि आगामी 30 मई को गुरु अर्जनदेव जी का पवित्र शहीदी दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा । इसमें शिरकत करने हेतु श्री हरिमंदिर, दरबार साहिब, अमृतसर पंजाब के प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह एवं गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी हरविंदर सिंह, गंगानगर, राजस्थान आदि की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। आयोजन हेतु तैयारियां आरम्भ हो चुकी हैं । गुरुद्वारा माईयां, इकबाल भवन में सिख नारी मंच सहित विभिन्न गुरुद्वारों में प्रकाशपर्व मनाया गया।

## अपराध जगत



### आबकारी विभाग ने दबिश देकर कराया विनिष्टीकरण

## नाले के किनारे गड़ा रखा था महुआ लाहन

हरिभूमि जबलपुर।

रांझी थाना अंतर्गत बापू नगर में नाले के किनारे झाड़ियों में सिनटेक्स की टंकियों और ड्रमों में अवैध शराब के निर्माण के लिये एकत्रित कर रखा गया, करीब 6 क्विंटल महुआ लाहन जप्त कर आबकारी विभाग की टीम ने नष्ट कराया। मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च) के तहत 07 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। सम्पूर्ण मदिरा एवं लाहन का अनुमानित मूल्य 6 लाख 50 हजार है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक प्रवीण बरकडे, रविन्द्र जैन, आशीष जैन, रविशंकर मरावी एवं आबकारी मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर तथा सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे के मार्गदर्शन एवं आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में की गई।

### रंगदारी नहीं देने पर चाकू मारा

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत बम्बा देवी मंदिर के पास कल रात एक युवक से रंगदारी वसूलने बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया और भाग गया। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसर बम्बा देवी घमापुर निवासी इलेक्ट्रीशियन 24 वर्षीय अंकित जायसवाल कल रात अपने दोस्त निखिल यादव के साथ खड़ा था। तभी रंगा आकर निखिल यादव से शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा। निखिल द्वारा रंगा को पैसे देने से मना करने पर रंगा गाली गलौज करने लगा और चाकू से हमला कर दिया, जिसमें निखिल घायल हो गया और आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया है।

## व्यापारी को धमकाने बदमाशों ने की फायरिंग

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत रविवार की गत शाम बाई का बगीचा में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बदमाश ने फायरिंग कर एक व्यापारी को धमकी दी। दराअसल आरोपी दुकान के सामने खड़े होकर गाली गलौच कर



रहा था। जिसे मना किया गया तो उसने गोली चला दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के संबंध में बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाई का बगीचा गली नम्बर एक में किराना दुकान संचालक विकास गुप्ता की दुकान में मोहल्ले का रहना वाला सावन सोनकर, टुकटुक सोनकर दुकान पर आये और सिगरेट लेकर वहीं पीने लगे और गाली गलौच करने लगे। उसने मना किया तो चले गये और कुछ देर बाद लौट कर आए और टुकटुक सोनकर पिस्टल निकाल कर फायर करने लगा। पिस्टल से फायर नहीं होने पर सावन सोनकर ने पिस्टल लेकर टीन शेड में फायर किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने लिखिल शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 125, 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### ई-रिक्शा से बैटरी और स्टेपनी चोरी

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत नारायण मंदिर के पास खड़े एक ई रिक्शा से 4 बैटरी चार्जर और स्टेपनी अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। चोरी गये माल की कीमत लगभग 55 हजार रुपये बता। पुलिस ने ईरिक्शा चालक नर्मदा प्रसाद नामदेव की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**श्री जगदीप नारायण-** एपीआर कॉलोनी 2, बिलहरी निवासी श्री जयदीप नारायण (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला यादव-** यादव कॉलोनी निवासी श्री राम अवध यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा स्वामी-** बिलहरी मंडला रोड निवासीश्री शिवशंकर स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा स्वामी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुधा-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री चंदन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई पटेल-** मांडवा बस्ती शिवराज चौहान नगर रामपुर निवासी श्री केशरी पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई-** ब्यौहारबाग निवासी श्री मोती लाल कहार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीतू शर्मा-** पचपेढ़ी




रोड सिविल लाइन निवासी श्री राकेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू शर्मा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीलम जौहरी-** दीक्षित एनक्लेव बंदरिया तिराहा रामपुर निवासी श्री प्रहलाद जौहरी की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम जौहरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शिव प्रसाद रैकवार-** गोविंद भवन कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री शिव प्रसाद रैकवार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल-** वंदे मातरम कॉलोनी धोबीघाट गोरा बाजार केंट निवासी श्री मुन्ना लाल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुदर्शन राम यादव-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री सुदर्शन राम यादव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता मेहता-** स्टेट बैंक कॉलोनी डबल स्टोरी विकास नगर निवासी श्री दीपक मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती गीता मेहता (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन
रंगीन
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# कंपनियों के तिमाही नतीजों, शुल्क और निवेश से तय होगा शेयर बाजार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रमों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान, बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निगाह रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, सभी की निगाहें एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर शुल्क के मोर्चे पर किसी घटनाक्रम और दुनिया पर उसका क्या प्रभाव रहता है, इसपर भी निवेशकों की निगाह रहेगी।'

### एफआईआई ने खरीदे शेयर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि 17 अप्रैल को समाप्त पिछले तीन कारोबारी दिनों के दौरान एफआईआई गतिविधियों में स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है। तीन कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने नकद बाजार में 14,670 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि एफआईआई के रुख में यह बदलाव डॉलर इंडेक्स के 100 से नीचे आने और आगे अमेरिकी मुद्रा में और कमजोरी आने की संभावना की वजह से हुआ है।

### बाजार में तेजी की उम्मीद



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह हमें भारतीय बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद है, जो एफआईआई की खरीदारी में रुचि, घरेलू मुद्रास्फीति में कमी और मौसम विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी जैसे सहायक कारकों से प्रेरित है। इस बीच, यदि अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर तनाव बढ़ता है, तो बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की वजह से बाजार में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।'

### बढ़त पर बाजार

छुट्टियों की वजह से कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### एनएसई ने जोड़े 84 लाख नए डीमैट खाते




भारत के पूंजी बाजारों में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी हुई। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 84 लाख से अधिक नए सक्रिय डीमैट खाते जोड़े गए। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 20.5 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही एनएसई पर कुल सक्रिय डीमैट खाते बढ़कर 4.92 करोड़ हो गए। इस वृद्धि में सबसे आगे दो डिजिटल ब्रोकरेज कंपनियां- ग्रो और एंजल वन हैं। इनकी कुल शुद्ध वृद्धि में 57 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही। ग्रो सबसे अधिक योगदानकर्ता बनकर उभरी, जिसने 34 लाख नए खाते जोड़े। इसकी एनएसई की वृद्धि में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.84 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 3,84,004.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजार में तेजी के बीच एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजारों में मजबूत सुधार देखा गया और यह 4.5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उन्होंने ने कहा कि मुख्य रूप से शुल्क को टाले जाने और चुनिंदा उत्पादों पर हाल ही में दी गई छूट से बाजार में उछाल आया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## खबर संक्षेप

### गोयल की लंदन, ओस्लो ब्रसेल्स की यात्राएं 28 से



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की लंदन, ओस्लो और ब्रसेल्स की संभावित यात्राएं 28 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि इन शहरों की पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देना है।

### एफपीआई ने शेयर बाजार में 8,500 करोड़ रुपए डाले




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में करीब 8,500 करोड़ रुपए डाले हैं। इस माह की शुरुआत में एफपीआई ने घरेलू बाजार में बिकवाली की थी। इसके बाद वैश्विक व्यापार मोर्चे पर कुछ राहत की उम्मीद और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध कर्ज 7 फीसदी घटा

LODHA
MACROTECH DEVELOPERS LIMITED

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत घटकर लगभग 4,000 करोड़ रुपये रह गया है। यह मजबूत आवास बिक्री और ग्राहकों से धन संग्रह के कारण हुआ। लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से है।

### 20 हजार करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडिया बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में स्वयं सहायता समूहों को लगभग 20,000 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा है। बैंक ने एक बयान में यह जानकारी दी। इंडियन बैंक ने भुवनेश्वर के रेलवे ऑडिटोरियम में विशाल एसएचजी ऋण पहुंच कार्यक्रम का आयोजन किया।

### ऋण में 10-15 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद




**नई दिल्ली।** सूक्ष्म वित्त कंपनी सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क ने चालू वित्त वर्ष में ऋण में 15 प्रतिशत की ऋण वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी की वजह से कंपनी को अपने ऋण में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। 'वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक हमारे पास 11,300 करोड़ रुपए की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां थीं।

## भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिक कर रहे काम

# नई सेमीकंडक्टर 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप ईजाद करने सरकार को दिया प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिकों के एक दल ने सरकार को 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ये इस समय तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप से भी छोटे हैं। इस दल ने सरकार को '2डी मटेरियल' नामक सेमीकंडक्टर सामग्रियों के एक नए वर्ग का इस्तेमाल करके प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।*


वैश्विक उत्पादन में सबसे छोटे चिप के 10वें हिस्से जितना छोटा चिप बनाया जा सकता है। इस तरह सेमीकंडक्टर में भारत का नेतृत्व विकसित हो सकता है। इस समय सेमीकंडक्टर विनिर्माण में सिलिकॉन-आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रभुत्व है। इसका नेतृत्व अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं।

### सौंपी परियोजना रिपोर्ट

एक सूत्र ने बताया, "आईआईएससी के वैज्ञानिकों के एक दल ने अप्रैल, 2022 में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपी, जिसे संशोधित करके अक्टूबर, 2024 में फिर से पेश किया गया। बाद में रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ साझा किया गया। इस परियोजना में एंग्स्ट्रॉम-स्केल चिप विकसित करने की बात कही गई है, जो आज तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप्स से भी छोटे हैं।"

### 500 करोड़ रुपए देने का अनुरोध

आईआईएससी के नेतृत्व वाले प्रस्ताव में अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए पांच वर्षों में लगभग 500 करोड़ रुपए की राशि देने का अनुरोध किया गया है। इस परियोजना में प्रारंभिक वित्तपोषण चरण के बाद आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक मसौदा भी दिया गया है।



### 2डी सेमीकंडक्टर के विकास का प्रस्ताव

डीपीआर में ग्रेफीन और ट्रांजिशन मेटल डाइचेलकोजेनाइड्स जैसी बेहद बारीक सामग्रियों का उपयोग करके 2डी सेमीकंडक्टर के विकास का प्रस्ताव है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है।एक अधिकारी ने कहा, "मेइटी इस परियोजना के बारे में सकारात्मक है। मेइटी के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और सचिव ने इस पर बैठकें की हैं। मेइटी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोगों की खोज कर रहा है, जहां इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।"

### सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशों पर निर्भर

भारत इस समय सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशी कंपनियों पर बहुत अधिक निर्भर है। यह एक ऐसी प्रौद्योगिकी है, जो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है। ताइवान के पीएसएमसी के साथ साझेदारी में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स देश की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित कर रही है। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस परियोजना को भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मंजूरी दी गई है और यह सरकार से 50 प्रतिशत पूंजी सहायता के लिए पात्र है।

# अमेरिका के साथ भारत की व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी आ रही है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच पहली आमने-सामने की तीन दिवसीय वार्ता 23 अप्रैल को वाशिंगटन में शुरू होने वाली है। अमेरिका ने भारत को जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश किसी सहमति पर पहुंच जाएंगे।

- सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए
- भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है

दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों को भी अंतिम रूप दिया है। अमेरिका और भारत की कोशिश है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। इसके तहत, दोनों पक्ष सीमित संख्या में वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे बाद के चरणों में अधिक जटिल वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है।

### व्यापक समझौते पर बातचीत

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 को लागू हुआ था। अब दोनों देश इसके दायरे को बढ़ाकर एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए टीओआर में लगभग 19 अध्याय हैं। इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। वार्ता को और गति देने के लिए भारत का एक आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका जा रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे।

# भारतीय खिलौना विनिर्माता 'सुनहरे अवसर' का लाभ उठाने को तैयार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के खिलौना निर्यातक अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर लगाए गए भारी शुल्क तथा चीनी वस्तुओं पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक बाजारों पर नजर रखने वाले अमेरिकी खरीदारों की बढ़ती पूछताछ से उभरने वाले 'सुनहरे अवसर' का लाभ उठाने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय खिलौना संघ ने अनुपालन जरूरतों को पूरा करते हुए अमेरिकी बाजार में निर्यात करने की क्षमता रखने वाली लगभग 40 कंपनियों को चिह्नित किया है।

संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में, लगभग 20 कंपनियां अमेरिकी बाजार में भारी मात्रा में खिलौनों का निर्यात करती हैं। उन्होंने कहा, हमें पिछले एक महीने में अमेरिकी खिलौना खरीदारों से अधिक पूछताछ मिल रही है। कुछ भारतीय निर्यात घरानों ने भी हमसे संपर्क किया है और उन विनिर्माताओं की सूची मांगी है जो अमेरिकी नियमों और विनियमों के अनुसार खिलौना उत्पाद बना सकते हैं। वे अमेरिकी खिलौना बाजार की अनुपालन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम 'व्हाइट लेबलिंग' और मूल उपकरण विनिर्माताओं की तलाश कर रहे हैं।



- अमेरिकी बाजार में निर्यात करने की क्षमता रखने वाली लगभग 40 कंपनियों को चिह्नित किया

### अमेरिका का खिलौना बाजार

जीएमआई रिसर्च के अनुसार, अमेरिका का खिलौना बाजार 2024 में 42.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया और 2032 में इसके 56.9 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2025-2032 तक 3.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ेगा, जो शैक्षिक और संवादात्मक खिलौनों के प्रति उपभोक्ताओं की वरीयताओं में बदलाव से प्रेरित है।

### भारत को होगा फायदा

अग्रवाल ने कहा, अमेरिका खिलौनों के लिए एक बड़ा बाजार है और अगर चीन पर उच्च शुल्क लगाया जाए और भारत पर कम शुल्क लगाया जाए तो हमें फायदा होगा।खिलौना क्षेत्र में भारत की करीब 20 कंपनियां पहले से ही अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात कर रही हैं। अगर हमें अन्य देशों की तुलना में कम दरों के मामले में शुल्क का लाभ मिलता है, तो हम अमेरिकी बाजार में भारतीय खिलौनों की उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

## बीएचईएल का राजस्व वित्त वर्ष में 19 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपये हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है।

## आईटी कंपनियों के नतीजे उम्मीद से कम



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनियों टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने मार्च तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के नतीजों में कई लिहाज से निराश किया है। इन कंपनियों ने सतर्कता के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया, क्योंकि वैश्विक व्यापार संकटों से जुड़ी वृहद अनिश्चितताओं ने कारोबारी भावनाओं को कमजोर किया है। वृहद चिंताओं का असर कई मोर्चों पर दिखा, जिसमें कमजोर पूर्वानुमान से लेकर वेतन बढ़ोतरी पर अग्रिम प्रतिबद्धता जताने में हिचकिचाहट शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए भारत की अरबों डॉलर की आईटी कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां काफी हद तक गंभीर रहीं हैं।

# भारत ने 9 एनईएलपी बोली दौर में 36 अरब डॉलर का निवेश जुटाया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारत ने 2014 से पहले आयोजित नौ एनईएलपी बोली दौरों से 36 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, और अब तक 177 तेल और गैस खोजें की हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एनईएलपी के तहत, अधिकतम खोज का वादा करने वाले बोलीदाताओं को ब्लॉक प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सरकार के साथ लाभ साझा करने से पहले खोजे गए और उत्पादित तेल और गैस से निवेश की वसूली करने की अनुमति मिल सके।

- अधिकतम खोज का वादा करने वाले बोलीदाताओं को ब्लॉक प्रदान किए गए

### रिलायंस का केजी-डी6 ब्लॉक आवंटित

रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी साझेदार बीपी पीएलसी के पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक, जो देश में उत्पादित सभी प्राकृतिक गैस का एक-तिहाई उत्पादन करता है, के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन के प्रमुख केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) ब्लॉक को एनईएलपी दौर में आवंटित किया गया। भारतीय अपस्ट्रीम क्षेत्र में कारोबारी सुगमता से संबंधित मुद्दों पर मंत्रालय द्वारा गठित संयुक्त कार्यसमूह की अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया है कि एनईएलपी ने अन्वेषण के अंतर्गत क्षेत्र को बढ़ाने और भारत के अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र में निजी और विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद की है।

## सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने दी जानकारी

# वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53.63 लाख इकाई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में यात्री, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का कुल वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख इकाई से अधिक रहा है। बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 53.63 लाख (53,63,089) इकाई रहा, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष यह 45 लाख (45,00,494) इकाई था।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने यह जानकारी दी है। पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 7,70,364 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 6,72,105 इकाई था। उद्योग निकाय सियाम ने कहा कि भारत में बनने वाले वैश्विक मॉडल की मांग के कारण इस खंड ने पिछले वित्त वर्ष में अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक प्रदर्शन दर्ज किया। सियाम ने कहा कि विनिर्माण गुणवत्ता में सुधार के साथ, कुछ कंपनियों ने विकसित बाजारों में निर्यात भी शुरू कर दिया है।

### नए मॉडल और नए बाजारों बढ़ी बिक्री

सियाम ने कहा कि नए मॉडल और नए बाजारों ने दोपहिया वाहनों के निर्यात के दायरे को बढ़ाने में मदद की है। इसके अलावा अफ्रीकी क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता और लातिनी अमेरिका में मांग ने इस वृद्धि को समर्थन दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में तिपहिया वाहनों के निर्यात में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3.1 लाख इकाई रहा। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 80,986 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले साल यह 65,818 इकाई था।



### यूटिलिटी वाहनों का बढ़ा निर्यात

यूटिलिटी वाहनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और यह 3,62,160 इकाई रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के 2,34,720 इकाई की तुलना में यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 41,98,403 इकाई रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 34,58,416 इकाई था।

### 'मेड इन इंडिया' वाहनों की मांग

वाहन विनिर्माताओं के संगठन ने कहा कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों की पहुंच बढ़ रही है। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, 'निर्यात के मोर्चे पर सभी क्षेत्रों, खासकर यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों में अच्छा पुनरुद्धार देखा गया, जो वैश्विक मांग में सुधार और भारत की बढ़ती प्रतिस्पर्धी क्षमता को दर्शाता है।'

# एमटीएनएल 8,346 करोड़ रुपए के बैंक ऋण के भुगतान में चूकी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

BSNL Connecting India faster | MTNL

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल सात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 8,346.24 करोड़ रुपए के ऋण के भुगतान में चूक गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने 19 अप्रैल को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2025 तक उस पर कर्ज का बोझ 33,568 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। कुल ऋण चूक में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 3,633.42 करोड़ रुपये का बकाया, इंडियन ओवरसीज बैंक का 2,374.49 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया का 1,077.34 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक का 464.26 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 350.05 करोड़ रुपये, यूको बैंक का 266.30 करोड़ रुपये और मूलधन और ब्याज भुगतान सहित 180.3 करोड़ रुपये शामिल हैं। ऋण भुगतान में चूक अगस्त, 2024 से फरवरी, 2025 के बीच हुई है।

- 31 मार्च, 2025 तक उस पर कर्ज का बोझ 33,568 करोड़ रुपए पर पहुंच गया

## चिंतन

# सांसद अपनी मर्यादा में टिप्पणी करें तो अच्छा

सांसदों को अपनी गरिमा, मर्यादा और अपने संवैधानिक दायरे में ही काम करना और बोलना चाहिए। किसी फैसले से या किसी व्यक्ति से व्यक्तिगत नाराजगी प्रकट करने का तरीका यह नहीं है कि आपकी भाषा इतनी तल्ख हो जाए कि आप उन पदों का अपमान ही करने लगें। झारखंड के गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई और पूर्व चुनाव आयुक्त वाईएस कुरैशी को लेकर जिस तरह के शब्द प्रयोग किए हैं, वे कहीं से भी संसदीय आचरण के दायरे में नहीं हैं। आप चाहें संसद में बोलें या संसद के बाहर या किसी टीवी शो में, आप सांसद हैं और आप संवैधानिक दायरे से बंधे हुए हैं। बेशक भाजपा ने सांसद दुबे के बयान से पार्टी को अलग कर लिया है, लेकिन पार्टी ने अभी तक निशिकांत दुबे को चेतावनी तक नहीं दी है। पूर्व में कई बयानवीर भाजपा नेताओं ने कई अवसर पर अपने अनर्गल व अनावश्यक बयानों से पार्टी का नुकसान कराया है, इसलिए भाजपा को अपने सभी नेताओं को क्या बोलें, क्या नहीं बोलें, इसके लिए एक गाइडलाइन जरूर बनानी चाहिए। इसके साथ ही बयानवीर नेताओं पर एक्शन भी लेना चाहिए। अभी देश में दो मसले सुप्रीम कोर्ट में हैं। एक वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती और दूसरा तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति। वक्फ संशोधन अधिनियम संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन सुनवाई की है और आगे भी सुनवाई होगी। यह एक प्रक्रिया से हो रही है। अदालत अपना काम कर रही है, इसलिए किसी को भी अधीर होने की जरूरत नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगे को रोकना राज्य सरकार का काम है, इसमें कोर्ट की कहीं से भी भूमिका नहीं है। सरकार जब कोई कानून बनाती है या संशोधन करती है, तो इसके परिणाम के लिए उसको तैयार रहने की जरूरत है। अगर सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम के मामले में भी संवेदनशील क्षेत्र में सख्ती रखती तो मुर्शिदाबाद जैसी घटना नहीं होती। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सरकार को पहले अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, फिर राजनीति करनी चाहिए। सरकार में पदासीन रहते हुए अपना दायित्व निभाने के बजाय राजनीति करने से संविधान की शपथ का उल्लंघन होता है। ऐसे ही तमिलनाडु में राज्यपाल चुनी हुई सरकार के विधेयकों को नियम के दायरे में सकारात्मक भाव से लौटा सकते हैं, असीमित समय के लिए राज्यपाल किसी विधेयक पर कुंडली नहीं मार सकते हैं। सोचने वाली बात है कि एक सरकार को राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ता है? कांग्रेस शासन में राज्यपालों ने केंद्र के एजेंट के रूप में राज्य सरकार के खिलाफ पदों का दुरूपयोग किया तो, इसका मतलब यह नहीं कि यह देश में परिपाटी ही बन जाय। भाजपा पार्टी विद डिफरेंस है तो राज्यपाल, मंत्री, सांसद, नेता के नैतिक मानकों में भी यह दिखना चाहिए। निशिकांत दुबे के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका अटॉर्नी जनरल को दी गई है। हर सांसद को संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत विशेषाधिकार प्राप्त है, लेकिन केवल जब वे संसद में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे होंगे तब। सदन के बाहर सांसद की कोई भी टिप्पणी अनुच्छेद-105 के तहत प्रोटेक्टेड नहीं है। सबको अपने कानून, संविधान, न्यायपालिका, संसद पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए और अंतिम फैसले का इंतजार करना चाहिए।



हस्तक्षेप
विनोद पाठक

# लोकतंत्र में टकराव ठीक नहीं

तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए अधिकार का प्रयोग करते हुए तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश देने से बच भी सकता था। सवाल यह है कि क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए? उप राष्ट्रपति की बातें विचार योग्य हैं।


क्या सुप्रीम कोर्ट को विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप करना चाहिए और विधायिका को सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्षेत्र में बाधा पहुंचानी चाहिए? यह प्रश्न इसलिए उठ रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। दरअसल, पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों को संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए अधिकार का प्रयोग करते हुए तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश देने से बच भी सकता था। सवाल यह है कि क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए? उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बातें कहीं, वह विचार योग्य हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बहुत विवेकशील थे। वे राष्ट्र कल्याण में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने तीन साल से भी कम समय में 18 सत्रों तक चर्चा की। कोई टकराव नहीं हुआ। कोई गड़बड़ी नहीं हुई। कोई व्यवधान नहीं हुआ। संवाद हुआ, बहस हुई, चर्चा हुई और विचार-विमर्श हुआ। उनके पास बेहद विवादास्पद मुद्दे थे, लेकिन उन्होंने नियम बनाया। न्यायाधीशों की नियुक्ति अनुच्छेद 124 के तहत की जाएगी। इसके लिए परामर्श बोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उस समय अनुच्छेद 124 को लेकर डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने महत्वपूर्ण बात की थी। उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि मुख्य न्यायाधीश को न्यायाधीशों की नियुक्ति पर व्यावहारिक रूप से वीटो देने का अधिकार, वास्तव में मुख्य न्यायाधीश को अधिकार हस्तांतरित करना है, जिसे हम राष्ट्रपति या तत्कालीन सरकार में निहित करने को तैयार नहीं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह भी एक आपत्तिजनक प्रस्ताव है। इसके बावजूद वर्ष 1993 में दूसरे न्यायाधीश के मामले में न्यायालय ने परामर्श की व्यवस्था सहमति के रूप में की। धनखड़ ने पूछा, क्या ऐसा किया जा सकता है? उप राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संसद केवल कानून बना सकती है और कार्यपालिका एवं न्यायपालिका सहित अन्य संस्थाओं को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन निर्णय लिखना, न्याय करना न्यायपालिका का ही विशेषाधिकार है, जैसे कानून बनाना संसद का काम है। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या हम नहीं पाते कि इस स्थिति को चुनौती दी जा रही है? कार्यकारी शासन न्यायिक आदेशों द्वारा हो रहा है। जब सरकार लोगों द्वारा चुनी जाती है तो सरकार संसद के प्रति जवाबदेह होती है। सरकार चुनाव में लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। उप राष्ट्रपति धनखड़ का यह कहना बिल्कुल उचित प्रतीत होता है कि संसद में आप सवाल पूछ सकते हैं, क्योंकि शासन कार्यपालिका द्वारा होता है, लेकिन अगर न्यायपालिका कार्यपालिका द्वारा शासन करती है तो हम सवाल कैसे पूछ सकते हैं? चुनाव में आप किसे जवाबदेद ठहराते हैं। उनका यह कहना सही है कि अब समय आ गया है कि जब हमारी तीनों संस्थाएं,



विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, अपना दायित्व उत्तम तरीके से निभाएं। यह राष्ट्रहित में सबसे बेहतर तरीका है। उनका यह कहना भी उचित है कि किसी अन्य के क्षेत्र में कोई भी घुसपैठ चुनौती बन जाती है, जो अच्छी बात नहीं है। यह संतुलन बिगाड़ सकता है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने अनुच्छेद 142 का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ यह परमाणु मिसाइल जैसा बन गया है। यह न्यायपालिका के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। उप राष्ट्रपति ने यह भी याद दिलाया कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और उनके विरुद्ध कार्रवाई का अधिकार करने का एकमात्र अधिकार संसद को है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम प्रतिक्रिया मोड़ में न रहें। धनखड़ का इस बात को लेकर भी चिंता जताना जायज प्रतीत होता है कि अदालत राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकती है? जज सुपर संसद की तरह काम कैसे कर सकते हैं? हालांकि, यह बात भी गौर करने योग्य है कि आखिर राज्यपाल कितना समय किसी बिल को पास करने के लिए लें, क्योंकि तमिलनाडु में जिस तरह से राज्यपाल ने बिलों को लंबे समय तक रोका, उसे भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना उचित है कि राज्यपाल राज्य के कैबिनेट की सलाह पर निर्णय लेते हैं। तमिलनाडु में ऐसा कतई नहीं हो रहा था। इसलिए राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सवाल यह है कि यदि बिलों को यूं ही रोका जाएगा तो राज्य सरकार जनहित के कानून कैसे लागू कर पाएगी? वैसे, विधायिका और न्यायपालिका में टकराव कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती केस में ऐसा हुआ था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद संविधान संशोधित तो कर सकती है, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे को छू नहीं सकती। उस समय तक संसद खुद को सर्वोच्च मानती थी, लेकिन कोर्ट ने उसकी शक्ति पर सीमा लगा दी थी। दो वर्ष बाद 1975 में भी इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद किया था, लेकिन संसद ने आनन-फानन में संविधान में 39वां संशोधन कर इस फैसले को निष्प्रभावी करने का प्रयास किया। इसके बाद आपातकाल के दौरान वर्ष 1975-77 के बीच संसद ने कई संविधान संशोधन किए, जिससे कोर्ट की शक्तियां सीमित की गईं। वर्ष 2015 में मोदी सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच टकराव की स्थिति बनी। सरकार ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाया, ताकि जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता हो, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया और कॉलेजियम सिस्टम को बहाल कर दिया। जैसा, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कह रहे हैं, जज सुपर संसद बन रहे हैं तो वो बात पिछले कुछ फैसलों में दिखती है। संसद द्वारा पारित कृषि कानूनों को सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया था। संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन कानून पर प्रदर्शनकारियों से वार्ता के लिए कमेटी बनाई थी। वर्तमान में वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है, जबकि यह कानून भी संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित है। ऐसे समय में उप राष्ट्रपति का न्यायपालिका पर सवाल उठाना एक महत्वपूर्ण बात है। क्या कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अपनी सीमाएं निर्धारित नहीं करनी चाहिए? क्या इन्हें लक्ष्मण रेखा पार करनी चाहिए? शायद लोकतंत्र के लिए यही सुखद बात होगी। यदि इन संस्थाओं के बीच टकराव की स्थिति बनती है तो अपना लोकतंत्र कमजोर होता है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। उन्हें संविधान विशेषज्ञ माना जाता है। ऐसे में उन्होंने जो सवाल उठाए हैं, उन पर गहनता से विचार-विमर्श होना चाहिए। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर भी गौर किया जाना चाहिए।

(लेखक पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



डल झील कांगड़ा जिले के तोता रानी गांव के पास स्थित एक सुरम्य झील है जिसकी गिनती हिमाचल प्रदेश की सबसे खूबसूरत झीलें (में की जाती है। यह झील पिकनिक स्पॉट के रूप में भी फेमस है जो पहाड़ों और ऊंचे देवदार के पेड़ों से घिरी हुई है।


## ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
दर्शन

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा-वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी- इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

## सत्य की अनुभूति से जाग्रत होता है मन



संकलित
प्रेरणा

इच्छा आकाश के समान अनंत है। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई । मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं। वे कहां-कहां नहीं भटकते।

## आर्थिक

डा. सपना बंसल



# अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में बुनियादी मूल्य भी जरूरी

आजकल अमेरिका और चीन का व्यापारिक युद्ध हर खासोआम के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिका और चीन जो आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, क्या उनका यह व्यापारिक बर्ताव किसी अर्थव्यवस्था के लंबे समय तक स्थिर रूप से विकसित होने के लिए सही है, इसका उत्तर कदापि नहीं है। आज दुनिया कठिन समय से गुजर रही है। यूक्रेन और मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण निर्दोष लोगों की जाने जा रही हैं। वैश्विक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बाधित हो रही है। हम दुनिया भर में लोकतंत्र के मूल्यों का ह्रास होते देख रहे हैं। ऐसे नेताओं का उदय हो रहा है जिन्हें केवल अपनी सत्ता की परवाह है, आम लोगों के लिए उनके मन में कोई सहानुभूति या चिंता नहीं है। गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने विश्व को पूर्ण स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तत्कालीन अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति रहे फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने कहा था कि अमेरिका विश्व के लिए क्या कर सकता है, यह उसका कर्त्तव्य ही नहीं है अपितु मौलिक धर्म भी है, इसी उद्देश्य से अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित देशों को आर्थिक और राजनीतिक सहायता भी प्रदान की। मार्शल योजना से यूरोपीय देशों को पूर्ण निर्माण और आर्थिक विकास के लिए कुल 13 बिलियन डॉलर की सहायता के तहत उसने भोजन, मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं प्रदान की, ताकि वे देश अपनी अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा कर पाएं। इन सब प्रयासों के साथ ही अमेरिका विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का संस्थापक सदस्य भी रहा था। इन संगठनों का मकसद वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता और समृद्धि हासिल करना था। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी 24 अक्टूबर 1945 को हुई जिसमें अमेरिका ने अपनी एक अहम भूमिका निभाई और जोर दिया कि भविष्य में युद्ध को रोका जा सके। आज अमेरिका का दूसरा ही रुख देखने को मिल रहा है और विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह सम्बोधन करना कि आपके लिए अमेरिका क्या कर रहा है यह मत पूछो, अपितु आप अमेरिका के लिए क्या कर सकते हैं यह सोचने का विषय है। ट्रंप के इस संबोधन ने हम सबको यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि क्या दुनिया निःस्वार्थ, विश्वास और एक-दूसरे के परस्पर सहयोग के बिना चल सकती है। कुछ समय के लिए ऐसा मुमकिन है किंतु अगर हम सदियों तक पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं तो इस मानसिकता के साथ यह ग्रह हमें अपने ऊपर आश्रय नहीं देगा क्योंकि यह पृथ्वी लोहे और सीमेंट के मजबूत स्तंभों पर नहीं खड़ी है अपितु पृथ्वी की संरचना मनुष्य के विश्वास, इंसानियत, सत्य, अहिंसा और पुरुषार्थ से बनी हुई है जो अभी भी धरती पर कहीं ना कहीं जीवंत है। तात्पर्य यह है कि धरती पर आज भी इंसानियत नामक धर्म फल-फूल रहा है और मनुष्य सांस ले रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो अपने हित को ही सर्वप्रथम रखते हैं वह भूल बैठे हैं कि सिर्फ मुनाफे की चाह काफी नहीं होती। महान अर्थशास्त्री एडम स्मिथ का कहना था कि किस तरह मुक्त बाजार और व्यक्तिगत उद्यम से समाज का भला हो सकता है, अगर स्वार्थ में मुनाफे की लालसा को बुनियादी मूल्यों से अलग कर दिया जाए तो वह प्रणाली निसंदेह आर्थिक विनाश की ओर ले जाएगी।

## सटाका




## आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।

*-जगदीश यादव, रायपुर*

## करंट अफेयर

# ईरान के साथ परमाणु वार्ता में 'बहुत अच्छी प्रगति'



ईरान और अमेरिका के बीच तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों पर शनिवार को बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत 'रचनात्मकता' रही और इसमें 'बहुत अच्छी प्रगति' हुई। दोनों देशों की अगले सप्ताह अगले दौर की वार्ता करने की योजना है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की कि रोम में वार्ता के दौरान कुछ वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आमने-सामने बात की। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर चर्चाओं में बहुत अच्छी प्रगति हुई है।' अराघची ने ईरानी सरकारी टेलीविजन को बताया, 'बातचीत रचनात्मक माहौल में हुई और मैं कह सकता हूं कि यह आगे बढ़ रही है। मुझे उम्मीद है कि तकनीकी वार्ता के बाद हम बेहतर स्थिति में होंगे।' उन्होंने ,'इस बार हमारे बीच सिद्धांतों और उद्देश्यों के बारे में बेहतर समझ बनी। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसकी अमेरिका के साथ दूसरे दौर की वार्ता शनिवार को कई घंटों की बातचीत के बाद समाप्त हुई।

## ऑफ बीट

# ईस्टर अंडे और नियमित चॉकलेट के बीच अंतर



ईस्टर के मौके पर आपने सुपरमार्केट की अलमारियों में चॉकलेट ईस्टर अंडे देखे होंगे। चॉकलेट ईस्टर अंडे ईस्टर की छुट्टियों के दौरान दिए जाने वाले चॉकलेट के अंडे होते हैं, जो आमतौर पर चॉकलेट से बने होते हैं। जैसा कि हम देखते हैं कि कोई भी अंतर सामग्री के बारे में नहीं बल्कि इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट खाते समय उसका अनुभव कैसे करते हैं। जब हमने ईस्टर एग चॉकलेट और उसी कंपनी की नियमित चॉकलेट के अवयवों और पोषक तत्वों की तुलना की, तो हमें कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। कैडबरी डेयरी मिल्क खोखले ईस्टर अंडे और कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट ब्लॉक दोनों में प्रति 100 ग्राम शामिल हैं। इनने लगभग 2,200 किलोजूल ऊर्जा, 7 ग्राम प्रोटीन, 31 ग्राम वसा, 55 ग्राम चीनी मिली दोनों उत्पादों में न्यूनतम 24 प्रतिशत दूध ठोस पदार्थ होते हैं। अंडे में कोको ठोस पदार्थ (28 प्रतिशत) ब्लॉक (27 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा अधिक होता है। तो यदि उनमें लगभग एक जैसे ही तत्व हैं, तो फिर और क्या हो रहा है? ईस्टर चॉकलेट और नियमित चॉकलेट के बीच का अंतर इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट के स्वाद को कैसे अनुभव करते हैं – स्वाद, बनावट और गंध के माध्यम से।

## ट्रेंड

### ईस्टर की शुभकामनाएं



सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर इसलिए खास है क्योंकि दुनिया भर में जयंती वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना जगाए। चारों ओर खुशियाँ और सद्भावना हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सपा की नीयत में खोट



कांग्रेस व भाजपा की तरह सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट के कारण कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है, जबकि बीएसपी 'बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने को समर्पित व संघर्षरत रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नेहरू ने साहस दिया



नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीयों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का दावा करने का साहस दिया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद


### भाजपा का महा-भ्रष्टाचार



महाराष्ट्र में एक पुलिस ऑफिसर द्वारा ये खुलासा किया जाना कि ईवीएम में धांधली करने के लिए उसके खाते में भाजपाइयों ने 10 लाख रुपये डलवाए, भाजपा के महा-भ्रष्टाचार का महा-भंडाफोड़ है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# रिहाना की हमशक्ल है छत्तीसगढ़ की ये मॉडल, हेयर स्टाइल तक हूबहू

नई दिल्ली। इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना के दुनियाभर में करोड़ों दीवाने हैं। भारत में भी उनके फैंस की कमी नहीं है। ऐसे में जब लोगों ने भारतीय रिहाना की तस्वीरें देखीं तो सभी शॉक्ड हो गए। दरअसल, देसी रिहाना असली रिहाना से इतनी मिलती-जुलती हैं कि दोनों में फर्क करना बहुत मुश्किल है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बागीचा इलाके में रहने वाली रेने कुजूर उर्फ रेणू पेशे से एक मॉडल हैं।

## देखो-देखो काली परी आई है



अपने बचपन को याद करते हुए रेने बताती हैं कि जब वह पहली बार फैंसी ड्रेस कॉम्पिटीशन में परी बनकर गई थीं तो किस तरह उनका मजाक उड़ाया गया था। उन्हें देखते ही सब कहने लगे थे- देखो-देखो काली परी आई है। इसके बाद रेने रोते-रोते ही स्टेज छोड़कर चली गई थीं। आज रेने कुजूर के वही आंसू उनकी पहचान में बदल गए हैं। आज के समय में रेने को खूबसूरत कहने वालों की लंबी लिस्ट है और वह कहती हैं- कुछ परियां काली भी होती हैं। आज के समय में सोशल मीडिया रेने कुजूर का दीवाना है। उसे लोग इंडियन रिहाना फेंटी कह रहे हैं।



### हमशक्ल मिलना विज्ञान या संयोग?

वैज्ञानिक मानते हैं कि पूरी दुनिया में एक जैसे चेहरे होने की संभावना बहुत कम है, लेकिन फिर भी ऐसे सैकड़ों किस्से सामने आते हैं। जहां दो अजनबी एक-दूसरे की हूबहू कॉपी निकलते हैं। जेनेटिक्स, चेहरे की संरचना और सीमित चेहरे के पैटर्न इसका कारण हो सकते हैं। **बॉलीवुड और राजनीति में भी हैं कई हमशक्ल** : अमिताभ बच्चन, सलमान खान से लेकर पीएम मोदी तक – कई नामचीन हस्तियों के हमशक्लों ने न सिर्फ लोगों का ध्यान खींचा है।

### रिहाना और रेने कुजूर दो देश, एक चेहरा

रेनी कुजूर को सोशल मीडिया और मीडिया प्लेटफॉर्म पर अक्सर 'इंडियन रिहाना' कहा जाता है। इसकी वजह है उनकी शक्ल का अमेरिका की मशहूर सिंगर रिहाना से मेल खाना। लेकिन, सिर्फ शक्ल ही नहीं, रेने खुद एक उभरती हुई भारतीय रैपर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं, जो अपनी दमदार आवाज और यूनिक म्यूज़िक स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। रेने की कहानी हमशक्ल होने से आगे बढ़कर प्रेरणा बन चुकी है – कैसे शक्ल मिलना एक अवसर में बदल सकता है, अगर आत्मविश्वास और टैलेंट साथ हो।

## रोचक खबरें



### छिपकली अगर काट ले तो क्या होगा? कितने साल तक ये दीवार से चिपकी रहती हैं?

**नई दिल्ली**। छिपकली को लेकर अक्सर लोगों के मन में डर बना रहता है खासकर इस बात को लेकर कि अगर वह काट ले तो क्या होगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एक मिथक है कि छिपकली खतरनाक होती है या इंसानों को काटती है। असल में छिपकलियां बेहद शर्मीले स्वभाव की होती हैं और तभी काटती हैं जब उनके पास बचाव का कोई और रास्ता नहीं होता। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छिपकलियों के शरीर में कुछ वायरस हो सकते हैं, लेकिन वे घर में पाए जाने वाले अन्य जीव जंतुओं की तुलना में कम खतरनाक मानी जाती हैं। अगर कभी छिपकली काट भी लेती है तो घाव सामान्य उपचार से ठीक हो सकता है। अगर किसी को काटने के बाद जलन, खुजली या अन्य गंभीर लक्षण महसूस हों तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। छिपकलियां रोशनी की ओर आकर्षित होती हैं, क्योंकि उन्हें अपने शिकार जैसे मच्छर, कीट और पतंगे को पकड़ने में आसानी होती है। यही वजह है कि वे अधिकतर रात के समय बल्ब या ट्यूबलाइट के आसपास नजर आती हैं। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि छिपकलियां कभी-कभी फूल-पत्तियां भी खा लेती हैं, लेकिन उनका मुख्य आहार कीट पतंगे ही होते हैं।

### २० साल से लड़की ने नहीं खाईं फल और सब्जियां देखते ही लगती है कांपने, ऐसा क्या हुआ है?

**लंदन**। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ब्रिटेन की 27 साल की क्लो राइसबेक ने पिछले 20 वर्षों से कोई भी फल या सब्ज़ी नहीं खाई। इसका कारण एक बेहद दुर्लभ बीमारी ओरल एलर्जी बताई गई है। इस बीमारी में फल-सब्जियों से एलर्जी इतनी गंभीर होती है कि पीड़ित की जान भी जा सकती है। यही नहीं, इसका मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। वेस्ट मिडलैंड्स की क्लो जब महज 7 साल की थीं, तब उन्हें इस अलर्जी का पता चला। एक रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल में पीच (आड़) खाने के बाद क्लो के होंठ सूज गए और गला खुजाने लगा. धीरे-धीरे एलर्जी बढ़ती गई और अब उन्हें 15 विभिन्न फलों, सब्जियों और मेवों से एलर्जी है। इस लिस्ट में सेब, कीवी, केला, बादाम, गाजर, शिमला मिर्च जैसी कई चीजें शामिल हैं। यह एक तरह की फूड एलर्जी है, जिसमें शरीर की इम्यून सिस्टम कई फलों, सब्जियों और मेवों में पाए जाने वाले कुछ खास प्रोटीन को परागकण से मिलते-जुलते तत्व समझकर रिएक्ट करती है। इसे पोलन फूड एलर्जी सिंड्रोम भी कहते हैं। इसके लक्षणों में होंठ, मुंह, जीभ या गले में खुजली और जलन के साथ सूजन, गले में खराश, कानों में खुजली और त्वचा पर पित्ती उछलना या लाल दाने उभरने की शिकायत होती है। वहीं, गंभीर मामलों में एनाफिलेक्टिक शॉक, जो जानलेवा हो सकता है। डॉक्टरों ने क्लो को साफ शब्दों में चेताया है कि अगर गलती से भी उन्होंने एलर्जी बढ़ाने वाली फल या सब्जियां खा लीं, तो उन्हें एनाफिलेक्टिक शॉक आ सकता है।



### जेलर पर डोरे डालते कैदी, जलती थीं बीवियां अब निजी वीडियो से कमा रही करोड़ों!

**सिडनी**। दुनियाभर में कई ऐसी महिलाएं हैं, जो जेल में काम करती हैं। इनमें से कई महिलाएं अपने सख्त स्वभाव की वजह से कैदियों का जीना हराम कर देती हैं, तो कुछ उन कैदियों से ही नैन-मटका करने लग जाती हैं। लेकिन, आज हम आपको जेल की जिस महिला अफसर के बारे में बताने जा रहे हैं, उसका मामला ही कुछ अलग है। इस पूर्व अधिकारी ने बताया कि वो इतनी ग्लैमरस और हसीन हैं कि जेल में अक्सर हलचल मच जाती थी। कैदी उनके रंग-रूप पर फिदा थे। ऐसे में उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण नौकरी को छोड़ दिया और अब बड़े लोगों के लिए ओनलीफैंस पर अपनी निजी तस्वीरें और वीडियो शेयर करने लगीं। ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट की रहने वाली इस 32 साल की महिला का नाम एलिसिया डेविस है। हाल ही में एलिसिया ने खुलासा किया कि कैदी उन्हें अक्सर उपहार भेंट करने की कोशिश करते थे, लेकिन वो इनकार कर देती। इतना ही नहीं, उनकी बीवियां और गर्लफ्रेंड्स मुझसे जलती थीं। एलिसिया ने कहा कि जेल की नौकरी ने मुझे बांधकर रख दिया था। वहां के नियम बहुत सख्त थे। मुझे मेकअप करने, नाखून रंगने और बालों को पीछे की ओर झुकाने की अनुमति नहीं थी। एकदम साधारण वर्दी पहनना पड़ता था। एक तरह से मुझे सुंदर दिखने की इजाजत नहीं थी। लेकिन, इन तमाम नियमों के बावजूद, वो अक्सर कैदियों के निशाने पर आ जातीं। कैदी हर दिन उनका स्वागत करते हुए कहते, 'आज तुम बहुत सुंदर लग रही हो।' इसके अलावा वो पूछते, 'आपका दिन कैसा है?' या 'शिफ्ट कब खत्म होगी?' हर शिफ्ट में सैकड़ों बार ये सवाल।



# इंसानों की तरह संगीत रचते हैं पक्षी खुद की बनाते हैं अपनी परम्पराएं

लंदन। क्या संगीत केवल इंसान ही रच सकते हैं? क्या किसी और जीव में संगीत की इतनी समझ है जितनी की इंसानों में? इस सवाल का जवाब साइंटिस्ट्स भले ही ना में दें, लेकिन नई रिसर्च में उन्होंने बहुत ही अनोखा नतीजा हासिल किया है। उन्होंने पाया है कि इंसानों की तरह पक्षियों में भी लोकल एक्सेंट होता है और एक- दूसरे से संगीत सीखते भी हैं। यहां तक कि युवा पक्षी भी नई स्टाइल के संगीत निकाला करते हैं।

### इंसानों की तरह ही

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक लाख से पक्षियों का अध्ययन किया



जिसमें उन्होंने पाया कि पक्षी स्थानीय गीतों की संस्कृति होती है जो कि उन पक्षियों की खास होती है जहां वे रहते हैं। इतना ही नहीं, घूमने-फिरने वाले पक्षियों का इसमें योगदान होता है और अजनबियों को अपने समूह में शामिल करने से भी गीत-संगीत का खासा प्रसार होता है जैसा कि इंसानों के साथ भी होता है।


## पक्षियों के अध्ययन में हुआ रोचक खुलासा!



### मरने के बाद खत्म होते हैं पक्षी के संगीत

अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता निलो मेरिनो रेकाल्डे का कहना है कि पक्षी की गतिविधियां और जीवन इतिहास उनके गाए गानों का आकार देता है, इसके साफ प्रमाण मिले हैं। इतना ही नहीं हैं, पक्षियों के जगह छोड़ने और मरने के बाद बहुत सारे गीत उनके साथ गायब भी हो जाते हैं। क्योंकि, पक्षियों के पास परंपरा सहेजने का कोई तरीका नहीं होता है। फिर भी संगीत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक भी जाता है।





### उम्र के साथ भी होते हैं बदलाव

वहीं, नए पक्षी अपने गीतों में नए बदलाव लाते हैं। इतना ही नहीं, यह बदलाव उम्र के साथ भी होता है और स्थान परिवर्तन से भी होता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पक्षी वैसे तो स्थानीय स्तर का संगीत रचते रहते हैं और अपनी बोली और संगीत परम्पराओं को बनाने का काम भी करते हैं। वहीं, जैसे-जैसे पक्षी किसी समूह से ज्यादा जुड़ते चले जाते हैं, वे और भी संगीत सीखते चले जाते हैं।

# गदा जैसी पूंछ..कांटेदार शरीर..3 पंजे, डायनासोर की वापसी? अब इस जगह मिले पुख्ता सबूत

ओटावा। डायनासोर का इतिहास हमेशा से ही रहस्यों से भरा रहा है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से मिलते इनके अवशेष और निशान वैज्ञानिकों को समय-समय पर हैरान करते रहे हैं। कभी इनके भयानक कंकाल तो कभी उनके पैरों के निशान मिलने के दावे होते हैं। हर खोज हमें करोड़ों साल पुराने जीवन की एक झलक देती है। अब कनाडा से एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है, जहां रहस्यमयी तीन पंजों वाले निशानों ने वैज्ञानिकों को एक नई कवचधारी डायनासोर प्रजाति की पहचान कराने में मदद की है। यह खोज न सिर्फ डायनासोर शोध के लिए अहम है।




### निशान लगभग 10 करोड़ साल पुराने?

रिपोर्ट के मुताबिक ये निशान लगभग 10 करोड़ साल पुराने हैं और डनवेगन व कास्कापाउ संरचनाओं में मिले हैं। ये क्षेत्र उस समय एक दलदली मैदानी इलाका था जहां की मिट्टी इतनी मुलायम थी कि डायनासोर के पंजों के निशान उसमें साफ छप गए। ये सभी निशान टम्बलर रिज यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के भीतर पाए गए हैं, जबकि एक निशान पश्चिमी अल्बर्टा में मिला। इन निशानों की डिजिटली जांच करने पर पता चला कि यह किसी नई प्रजाति के हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई थी।

### तीन पंजों वाले पैरों के निशान

दरअसल, साइंस अलर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज इलाके में वैज्ञानिकों को डायनासोर के रहस्यमय तीन पंजों वाले पैरों के निशान मिले हैं। इन निशानों की जांच के बाद पता चला कि ये निशान एक नई एंकिलोसॉर प्रजाति के हैं। इन्हें रूपोडोसॉरस क्लावा नाम दिया गया है। यह प्रजाति एंकिलोसॉरिड परिवार की है जो अपनी भारी-भरकम शरीर और बख्तरबंद पूंछ के लिए जानी जाती है।





### वैज्ञानिकों को काफी उम्मीदें

रूपोडोसॉरस क्लावा लगभग 5 से 6 मीटर लंबा, कांटेदार, कवच से ढका हुआ और सख्त या गदा जैसी पूंछ वाला डायनासोर रहा होगा। इसके पिछले पंजों में मोटे, तिकोने नाखून जैसे उंगलियों के निशान मिले हैं, जबकि सामने के पंजों में 5 अंगुलियां हैं जो अर्धचंद्राकार हैं। यह खोज उत्तरी अमेरिका में डायनासोर के विकास को समझने में एक बड़ी कड़ी जोड़ती है और यह भी साबित करती है कि कनाडा का यह क्षेत्र अभी भी कई प्राचीन रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है।

### दुनिया का सबसे कड़वा पदार्थ खोज रहे थे साइंटिस्ट, इस मशरूम पर पूरी हुई तलाश!



**न्यूयार्क**। हर तरह के स्वाद की पहचान आसान काम नहीं है। ना ही हर स्वाद में सबसे ज्यादा मात्रा में वाला पदार्थ खोजना भी मुश्किल होता है। मीठे और नमकीन के स्वाद के मामले में दुनिया में कई तरह की खोजें हो चुकी हैं। पर कम लोग जानते हैं कि सबसे कड़वा पदार्थ खोजना बहुत ही मुश्किल है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने ऐसा ही दुर्लभ काम किया और दुनिया का सबसे कड़वा पदार्थ खोजने में सफलता हासिल की है। इस पदार्थ का कड़वापन करेले से कई गुना ज्यादा है जो आपके होश उड़ा देगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह काम उनके लिए आसान नहीं था।

**कड़वे पदार्थ की खोज** : आमतौर पर सबसे कड़वा पदार्थ खोजने के लिए वैज्ञानिक उन अणुओं की खोज करते हैं, जो कडवापन पैदा करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। लेकिन, इस तरह के अणु आकार और स्त्रोत के लिहाज से बहुत ही अलग पाए जाते हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों ने ऐसा मशरूम तलाशा है जो की अब तक का सबसे कड़वा पदार्थ पाया गया है।

**एक बड़ा हिस्सा रहस्य** : दिलचस्प बात ये है कि अभी तक जो कड़वे पदार्थ वैज्ञानिक जानते थे वे सारे पौधों के फूल या फिर रासायनिक पदार्थ थे। हकीकत में तो वैज्ञानिकों ने जो कड़वे पदार्थों का संग्रह बनाया है, उसमें 2500 से भी कम पदार्थ हैं। इनमें से 800 ऐसे हैं जिन्हें इंसानी जीभ पहचान सकती है। पर कड़वे स्त्रोत के जानवर, बैक्टीरिया और फफूंद स्त्रोत अब तक रहस्य ही हैं।

# हमारी गैलेक्सी के पड़ोस में है एक 'भूतिया' आकाशगंगा, जिसमें एक तारा भी नहीं?

**वॉशिंगटन**। खगोलविदों का मानना है कि उन्होंने एक 'भूतिया' आकाशगंगा खोजी है जो कुछ और नहीं, बल्कि गैस का एक तेज़ गति से चलने वाला बादल है जो छोटा है और जिसमें कोई तारा नहीं है। यह एक अंधेरी आकाशगंगा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये अबतक छिपी हुई थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर आकाशगंगा वास्तव में मौजूद है, तो यह रहस्यमय लापता उपग्रह की समस्या को हल करने में मदद कर सकती है। ये स्टडी रिपोर्ट 18 अप्रैल को साइंस एडवांस में प्रकाशित हुई। रिसर्चर्स की एक इंटरनेशनल टीम ने चीन के विशाल एफएएसटी रेडियो टेलीस्कोप का उपयोग करते समय आकाशगंगा में कुछ अजीबोगरीब नजारा देखा। उन्होंने अपनी जांच में पाया है कि उनका देखा गया ऑबजेक्ट एसी जी185.0–11.5 है, जिसमें कॉम्पैक्ट हाइड्रोजन बादल है। एसी-I एक गैस बादल है जो घूमता है। बादल में मौजूद गैस एक डिस्क के आकार में व्यवस्थित होती है जो आकाशगंगा की तरह दिखती है।



### क्या डार्क आकाशगंगाएं वास्तविक हैं?

डार्क आकाशगंगाएं अब तक केवल सिद्धांत में ही मौजूद थीं। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि एसी जी185.0–11.5 में बहुत सारा डार्क मैटर है और कोई तारा नहीं है। हालांकि, अन्य ऐसी आकाशगंगाओं में तारे हो सकते हैं, लेकिन वे दिखाई नहीं देते। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि ये एक आकाशगंगा है, भले ही इसमें कोई तारा न हो, क्योंकि ये उन मापदंडों के आधार पर है जो इसे पूरा करते हैं।

### 278,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है मौजूद

ये बादल पृथ्वी से करीब 278,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। इसका मतलब है कि यह हमारी आकाशगंगा की पड़ोसी है। इसका द्रव्यमान भी एक आकाशगंगा की परिभाषा में फिट बैठता है। टीम का कहना है कि एसी जी185.0–11.5 एक आकाशगंगा के लिए अब तक का सबसे अच्छा सबूत है, जो पूरी तरह से गैस और बादल है। लेकिन. उसमें कोई तारा नहीं है।



# मसीही समाज ने मनाया ईस्टर संडे



**जबलपुर।** प्रभु ईशू के तीसरे दिन मृत्यू पर विजय का पर्व ईस्टर संडे शहर के सभी गिरजाघरों में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में ईस्टर संडे की पूर्व संध्या एवं ईस्टर संडे की सुबह सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल गिरिजा घर सदर में पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया।

यह ईस्टर संडे प्रभु येशु के तीसरे दिन मृत्यु पर विजय का पर्व है। इस अवसर पर गिरजा घरों में प्रभु के भजन के साथ प्रभु येशु के पुनः जी उठने की खुशी में इसाई धर्म मानने वाले लोग ने चर्च में खुशियां मनाई। मिस्सा बलिदान पल्ली पुरोहित डॉ डेविस जार्ज ने अर्पित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमे बाहरी आडम्बर से बचना चाहिए एवं अपना जीवन प्रेम पूर्वक व्यतीत करना चाहिए।

इस कार्यक्रम पल्ली सचिव फेलिक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी,जुसिया, क्रिस्टोफ़र नरोन्हा,डॉमनिक नाजरथ, सतीश मनी, एलीक फ़र्नान्डिस, आदि उपस्थित रहे।

बाइबल के अनुसार गुड फ्राइडे के दिन प्रभु येशु की क्रूस पर मृतु के पस्चात उन्हें दफ़नाया गया एव तीसरे दिन रविवार भोर के समय उनके शिष्यों ने उन्हें क़ब्र पर नही पाया तथा कब्र के पास स्वर्ग दूतों ने उन्हें बताया की जिस प्रभु येशु को तुम दूंढ रहे हो उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर जी उठे है तभी से ईसाई समुदाय ईस्टर संडे का उत्सव मनाते है। सभी विश्वासी लोगो ने संसार में अमन चैन के लिए ईश्वर से दुआ मांगी।

## पेंशनर्स 22 को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव मप्र/छग के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष एचपी उरमलिया ने बताया कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर्स की लंबित मांगों के संबंध में बार-बार निवेदन करने के पश्चात भी अभी तक कोई भी निर्णय नहीं किया गया है, जिससे दोनों राज्यों के पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त है। ऐसी स्थिति में अब संगठन के पदाधिकारी पुनः कोई तीव्र आंदोलन करें उसके पूर्व पुनः एक मांगपत्र दोनों राज्यों के संबंधित अधिकारियों को 22 अप्रेल को शाम 05 बजे जबलपुर संभाग के कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव मप्र/छग के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, आरके श्रीवास्तव, सीएल दोहरे, बीएसपी गौर, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, आरआर तिवारी, डॉ. एसपी सिंह, प्रकाश गर्ग, एसके श्रीवास्तव, डॉ. बीपी अवस्थी, श्रवण कुमार श्रोती, नरेश तिवारी आदि ने सभी पदाधिकारियों से 22 अप्रेल को कमिश्नर कार्यालय के समक्ष उपस्थिति का आग्रह किया है।

# डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**जबलपुर।**

संयुक्त बौद्ध विहार समिति आधारताल जबलपुर में भारतीय संविधान के निर्माता बोधित्सव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू ठाकूर (अपर आयुक्त, नगर निगम जबलपुर) ने विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध एवं बोधित्सव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्ज्वलित की एवं माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत (पार्षद, सुभाषचन्द्र बोस वार्ड जबलपुर), बैजनाथ कुशवाहा, ओम समद, कपिल रोडगे ने बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर के छायाचित्र



पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सी.डी. गायकवाड ने बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। आयोजन में सुंयुक्त बौद्ध के सदस्य मनोज बोम्बर्डे, राजू मेश्राम, शैलेन्द्र मेश्राम, संदेश कामडे, नन्दकिशोर पटले, मनीष मेश्राम, सुनिल मानकर, प्रकाश नाथ चौर, पंकज मेश्राम, दिलीप. प्रमोद सावनकर, रमेश कामडे, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## सरस्वती टेक्नोलॉजी सोलर स्लयूशन उद्घाटित

**जबलपुर।** सदर गली नंबर 2/18 में 20 अप्रैल को सरस्वती टेक्नोलॉजी st सोलर सोलूशन का उद्घाटन कैंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा किया गया, जिसमें हमारी पूरी टीम के सदस्य प्रो. आशीष कुरील, अंशु नामदेव, योगेश कुरील, प्रकाश राजन, कृष्णा केवट, विशाल केशरवानी, सिमरन साहू, मोनू कुरील, हेमंत यादव एवं अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना: धर्माचार्य


## मुस्लिम विकास परिषद ने आयोजित किया सर्वधर्म सदभाव, ईद मिलन कार्यक्रम

**जबलपुर।**

सभी धर्मो के ग्रंथों में एकता, भाईचारा और शांति का ही संदेश दिया गया है, और सभी धर्म यही कहते है कि, मजहब नही सिखाता आपस में बैर रखना। उक्त उदगार संयुक्त रुप से धर्माचार्य सिक्ख धर्म के ज्ञानी डॉ. गुरमीत सिंह, हिन्दू धर्म के पंडित चन्द्र प्रकाश शर्मा, ईसाई धर्म के ए.के.सेमुअल, मुसिलम धर्म के मौलाना चांद कादरी ने मुख्य अतिथि की हैसियत से व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पांडे ने देशभक्ति की कविताएं पढकर कौमी एकता का संदेश दिया। मौका था सर्वधर्म सदभाव व ईद मिलन कार्यक्रम के अवसर का, जो कि मप्र मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर ईकाई द्वारा रद्दी चौकी स्थित गाजीबाग में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एड मो. माहिर खान व पठान समाज के सरदार हाजी



मुईन खान ने अपने उदबोधन में सर्वधर्म सदभाव और कौमी एकता को आज की जरूरत बताया। कार्यक्रम में चारों धर्मो के धर्माचार्यो सहित वरिष्ठ पत्रकारद्वय गिरीश पांडे, आशीष शुक्ला, राकेश श्रीवास, प्रवीण मिश्रा आदि को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने प्रदेशाध्यक्ष माहिर खान व हाजी मुईन खान का स्वागत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित पत्रकार अशफाक आरिफ, एडवोकेटद्वय शबाब खान, जावेद अनवर, रियाज किड्स, इरफान उल हक अंसारी, निसार अंसारी का भी पुष्प मालाओ से स्वागत कर सम्मानित किया गया। तत्पपश्चात उपस्थित सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद व शुभकामनाएं दी और सेवई ग्रहण की।



# मोह से ढका ज्ञान स्वभाव प्राप्त नहीं करता

## आचार्य समय सागरजी के मांगलिक प्रवचन

**जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री समय सागर महाराज ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि मोह से ढका हुआ ज्ञान स्वभाव को प्राप्त नहीं करता, जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश को बादल ढक देता है इसी प्रकार हमारी आत्मा के पास अनंत ज्ञान है, लेकिन ज्ञानावर्ती कर्म ने उसे ढक रखा है। आचार्य श्री ने कहा जन्म की तिथि तो निश्चित हो सकती है लेकिन किसी की मृत्यु की तिथि निश्चित नहीं है, इसीलिए मृत्यु आने के पूर्व आत्म कल्याण कर लेना चाहिए। भोग तो अनादि काल से भोगते आ रहे हैं यह विषय भोगों की लालसा मोह के कारण होती है जब तक परमाणु मात्र का भी पर वस्तु के प्रति राग है तब तक हमारा ज्ञान ध्यान में कारण नहीं बनेगा। जब तक हमारा मरण नहीं होता हमें एक एक पल का सदुपयोग करना चाहिए ज्ञान दर्पण का कार्य करता है दर्पण का अर्थ ही दर्प-ण अर्थात अहंकार का अभाव होता है।आचार्य समय सागर जी महाराज के पास जगतगुरु राघव देवाचार्य जी पहुंचे उन्होंने विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चाएं की देश की वर्तमान स्थिति और अध्यात्म पर चर्चा के बाद जगद्गुरु ने कहा कि आध्यात्म ही कल्याण का मार्ग है।

# हिंदुओं के नरसंहार एवं उत्पीड़न के विरोध में बंगाल मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**जबलपुर।** हम, राष्ट्रीय हिन्दू संगठन की ओर से, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और अन्य जिलों में हिंदुओं के नरसंहार एवं उत्पीड़न की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। हमें पता चला है कि वहां हिंदू समुदाय के लोगों को विभिन्न प्रकार की हिंसा और उत्पीड़न का लगातार सामना करना पड़ रहा है, जो उनके जीवन और संपत्ति के लिए खतरा पैदा कर रहा है। वहां प्रशासन पूरी तरह संवेदनहीन प्रतीत हो रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह शून्य हो चुकी है। अब स्थिति इतनी भयावह है कि तुष्टिकरण की नीति के तहत हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



ऐसी भयावह स्थिति में राष्ट्रीय हिन्दू संगठन मांग करता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार तुरंत इस्तीफा दे और अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल में स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता को देखते हुए, सरकार कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जल्द से जल्द केंद्रीय बलों को लगाकर हिंदुओं की जान-माल की रक्षा करने का प्रबंध करे। उत्पीड़न की घटनाओं की जांच विशेष केंद्रीय जांच दल को सौंपे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। सरकार हिंदू समुदाय की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए प्रभावकारी एवं आवश्यक कदम उठाए और उनकी जान-माल की रक्षा करे। पश्चिम बंगाल सरकार पीड़ित परिवारों को न्याय एवं मुआवजा दिलाने और उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाए। अब तक उपर्युक्त बातों पर पश्चिम बंगाल सरकार की निष्क्रियता और संवेदनहीनता को देखते हुए राष्ट्रीय हिंदू संगठन द्वारा 20 अप्रेल को पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।



## माँ सिद्धिदात्री मंदिर में हुआ भंडारा

**जबलपुर।** माँ सिद्धिदात्री मंदिर समिति एवं 360 गौत्रीय खटीक समाज के तत्वावधान में 20 अप्रेल को सुंदरकांड का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया गया, तत्पश्चात दोपहर 01 बजे से भंडारे का आयोजन भानतलैया खटीक मोहल्ला में जनसहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया, अशोक रोहाणी, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र जांगड़े, अखिल पटारिया, राजू पटारिया, करन भोजक, जीत जांगड़े, रमेश पटारिया, राजू किरार, वकिल्प किरार, घनश्याम सोडिया, भूरा पीपरा, महेश सपरे, रमेश पीपरा, जागेश पीपरी, मुन्ना दाड़ी, मुन्नू पंडा, अनिल भोजक, उमेश जौहरी, आकाश सुहारिया, किशन माहर, मनोज भोजक, प्रहलाद पीपड़ा, बबलू जांगड़े, मुन्ना ठाकुर, करन दलाल, महेश रत्नाकर एवं 360 गौत्रीय खटीक समाज के सभी सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## सीधी भर्ती से चयनित की पूर्व सेवावधि जोड़ी जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने कहा, कि प्रदेश में बहुत से ऐसे शिक्षक जो प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जो पदोन्नति के अभाव में विभागीय अनुमति उपरांत सीधी भर्ती से विभाग में ही चयनित हो उच्च पद पर वर्तमान में कार्यरत हैं जैसे प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक पर नियुक्त हुए है उनकी पूर्व की सेवाएं बिना किसी शर्त के जोड़ी जाए साथ ही पूर्व की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें परविक्षा अवधि पर न रखते हुए 70, 80 और 90 प्रतिशत की बाध्यता समाप्त की जाए। संघ वित्त विभाग और आयुक्त महोदय से मांग करता है की इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करे जिससे शिक्षकों को इसका लाभ मिल सके। संघ के प्रदेश अध्यक्ष-रॉबर्ट मॉर्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी आदि ने मांग की है।

## नर्सिंग घोटाले में कार्यवाही प्रारंभ

### निष्पक्षता पर एनएसयूआई ने उठाए सवाल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले में जबलपुर से बड़ी कार्रवाई की शुरुआत हुई है। शासकीय नर्सिंग कॉलेज, जबलपुर की प्राचार्य स्टेला पीटर सहित आरती तिवारी , ईस्टर एंड्रूज को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने इस कार्रवाई को अधूरी बताते हुए कहा कि "यदि ये अधिकारी दोषी पाए गए हैं तो अभी तक इन्हें पद से हटाकर निलंबित क्यों नहीं किया गया? पद पर रहते हुए इनकी उपस्थिति निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई दोषियों को जानबूझकर बचाने की कोशिश की जा रही है। प्रतिभा सिंह ठाकुर द्वारा भी कई फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को अवैध रूप से मान्यता दी गई थी, लेकिन उनके विरुद्ध आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस विषय में हमने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को लिखित शिकायत भी सौंपी है, रवि परमार ने कहा। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार यह मांग दोहराई कि जबलपुर नर्सिंग कॉलेज घोटाले में संलिप्त सभी दोषियों को तत्काल उनके पदों से हटाया जाए और तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, ताकि जांच निष्पक्षता से संपन्न हो सके और जनता का विश्वास शासन-प्रशासन पर बना रहे।परमार ने यह भी कहा कि यदि दोषियों को संरक्षण देने की कोशिश की गई, तो संगठन प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेगी और न्याय की लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाएगी।



## वामन अवतार, राम कथा श्रवण कर श्रोता हुए भावविभोर

**जबलपुर।** त्रिपुर सुंदरी मंदिर के सामने ग्राम पिपरिया, भेड़ाघाट रोड में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन 17 अप्रेल से 25 अप्रेल तक अपरान्ह 03 बजे से हरिइच्छा तक किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत 20 अप्रेल को आचार्य पं. कमलेश तिवारी के मुखारबिंद से वामन अवतार, रामकथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। मुख्य यजमान बाबू भैया परोहा व श्रीमती निर्मला देवी ने इस पुनीत अवसर पर सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित पधारकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

# आम आदमी पार्टी जबलपुर संभाग की हुई बैठक

**जबलपुर।**

आम आदमी पार्टी की आगामी कार्ययोजना संगठन निर्माण को लेकर 20 अप्रेल को जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले नौ जिलों जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, कटनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, डिंडोरी, पांढुर्णा जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सिविक सेंटर मढ़ाताल में किया गया, जिसमें आम आदमी पार्टी ने अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए मई 2025 तक संगठन को वार्ड स्तर तक हर विधानसभाओं में जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार चरम तक पहुंच गया है, किसी भी शासकीय विभाग में बगैर रिश्वत



दिए कोई काम नहीं हो रहा है, बेरोजगारी, मंहगाई और अनियंत्रित हो गई है, शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है, गरीब और मध्यम वर्ग परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने से वंचित है, शासकीय अस्पतालों की स्थिति बद् से बद्तर है। आम आदमी पार्टी अब तेजी से जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएगी और आंदोलन करेगी, पार्टी का जन्म ही आंदोलन से हुआ है। आज की संभागीय बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को लगातार जनहित के मुद्दों पर आंदोलन के लिए रानी अग्रवाल ने निर्देशित किया। मंच संचालन आदेश दुबे द्वारा किया गया। बैठक में राजेश वर्मा, एड. रामकिशोर शिवहरे, इंद्र विक्रम सिंह, जितेन्द्र चौरसिया, प्रशांत भाऊ, मेश्राम जी, पंकज पाठक, शिवशंकर यादव, संतकुमार जंगेला, मार्कोजी, जबलपुर जिला अध्यक्ष रीतेश सिंह, मंडला अध्यक्ष पंकज सोनी, सिवनी अध्यक्ष दुर्गेश विश्वकर्मा, डिंडोरी अध्यक्ष सोहन सिंह तेकाम, कटनी अध्यक्ष एड. अनिल सेंगर, नरसिंहपुर अध्यक्ष देवीसिंह पटेल, छिंदवाड़ा अध्यक्ष राजू पांडेय, पांढुर्णा अध्यक्ष भांडेजी, बालाघाट जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

एलन कोटा स्टूडेंट ओमप्रकाश से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा..

# जीवन में अनुशासित रहें, कठिन परिश्रम और अनुशासन से हासिल होती है उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को जेईई-मेन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त करने वाले एलन कोटा स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा को आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जेईई-मेन में सफलता प्राप्त करने वाले देशभर के विद्यार्थियों को भी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे सभी शिक्षकों के प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर उन्होंने जेईई-मेन में बेहतर परिणाम रहने के लिए पूरे कोटा शहरवासियों को बधाई दी।

शक्ति नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर ओमप्रकाश बेहरा, उनकी मां स्मिता रानी व एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस अवसर पर ओम बिरला ने ओमप्रकाश से बातचीत की और कोटा के अनुभव के बारे में पूछा।



**कोटा की शैक्षणिक संस्कृति विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती है**

बिरला ने कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही उपलब्धि हासिल की जा सकती है, यह अनुशासित परिश्रम जीवनभर जारी रखें। कोटा की शैक्षणिक संस्कृति विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरणा यहां मिलती है। बिरला ने ओमप्रकाश से उनके होम टाउन भुवनेश्वर में परिवार के बारे में जानकारी ली।

### कोटा का शैक्षणिक माहौल अन्य हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बना

*ओमप्रकाश की मां स्मिता रानी बेहरा को भी बधाई देते हुए कहा कि आप तीन साल से बच्चे की कोटा में कोचिंग के लिए उसके साथ यहां रह रहीं है, यह इस तपस्या और समर्पण का भी परिणाम है। आप दोनों के प्रयास और कोटा का शैक्षणिक माहौल अन्य हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा साबित होगा। कोटा स्टूडेंट्स के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता है, उनके सपने पूरे करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लगातार यहां का हर शहरवासी प्रयासरत रहता है। उन्होंने ओमप्रकाश से कहा कि अच्छे इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा के बारे में सोचें। किस तरह अपने देश को आगे लाया जा सकता है, इसके लिए प्रयास करें। आपको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। इस अवसर पर एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि ओमप्रकाश का अनुशासन और इनकी माता का समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। आप द्वारा समय-समय पर मिलने वाला उत्साहवर्धन हम सभी में ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने ओम बिरला का धन्यवाद दिया।*

कुल बिक्री कारोबार लगभग 3,851 करोड़ आंका गया

# 2024-25 में चाय नीलामी में बना रिकार्ड, 17 करोड़ किलो चाय बिकी

एजेंसी. नई दिल्ली

गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में चाय की अधिक बिक्री दर्ज की, साथ ही प्रति किलोग्राम औसत कीमत में भी इजाफा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नीलामी केंद्र से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बॉउट लीफ फैक्टरीज़ द्वारा उत्पादित चाय को भी बीते वित्त वर्ष में अच्छा और लाभदायक मूल्य मिला। गुवाहाटी टी ऑक्शन बायर्स एसोसिएशन के सचिव दिनेश बिहानी ने बताया कि जीएएसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 169.13 मिलियन किलोग्राम चाय की बिक्री की, जिसकी औसत कीमत 227.70 रुपए प्रति किलोग्राम रही। यह पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले वृद्धि है, जब 166.34 मिलियन किलोग्राम चाय की औसत 183.20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर बिक्री हुई थी यानी44.50 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष में कुल बिक्री कारोबार लगभग 3,851 करोड़ आंका गया है।

बीएलएफ को पूरे वर्"मजबूत और लाभकारी कीमतें मिलीं। इनमें से बेजोपाथर क्षेत्र की कुछ चाय 471 प्रति किलोग्राम तक बिकीं। असम के सभी जिलों में धेमाजी जिले की बीएलएफ की चाय को बीते वित्त वर्ष में सबसे ऊंचा दाम मिला। जीएएसी टी लाउंज के चेयरमैन के रूप में भी कार्यरत बिहानी ने बताया कि नीलामी केंद्र अपने इन-हाउस टी लाउंज के माध्यम से 'सिंगल ओरिजिन' असम चाय को सक्रिय रूप से प्रमोट कर रहा है। यह लाउंज अब पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थान बन गया है, जहां वे असली और उच्च गुणवत्ता वाली असम चाय खरीदते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में इस टी लाउंज ने चाय प्रचार और खुदरा बिक्री से 1 करोड़ रुपए से अधिक का टर्नओवर दर्ज किया है।



### सितंबर तिमाही में कैसा रहा था कारोबार

*सितंबर तिमाही में चाय बागान कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि दर्ज की गई। इससे चाय की कीमतों में तेजी का पता चलता है। प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ जिससे कीमतों में इजाफा हुआ। अनियमित बारिश के बाद लंबे समय तक सूखे के कारण चाय उत्पादन में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले करीब 7.67 करोड़ किलोग्राम की कमी आई। उत्तर भारत से चाय उत्पादन में करीब 6.3 करोड़ किलोग्राम का नुकसान हुआ जिससे थोक कीमतों में तेजी आई। चाय के कुल उत्पादन में उत्तर भारत की हिस्सेदारी 82 फीसदी से अधिक है।*

### चाय का औसत मूल्य 22.01 फीसदी अधिक

*चाय बोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर 2024 तक उत्तर भारत में औसत नीलामी मूल्य 247.33 रुपए प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 23.98 फीसदी अधिक है। दक्षिण भारतीय चाय का औसत मूल्य 126.22 रुपए प्रति किलोग्राम एक साल पहले की अवधि के मुकाबले 16.19 फीसदी अधिक था।*

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसो. ने मनाया 80वां स्थापना दिवस

# बैंक कर्मियों ने एकजुट होकर सामूहिक सौदेबाजी द्विपक्षिता और ग्राहक को बेहतर देने की ली शपथ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के 80 वें स्थापना दिवस पर राजधानी भोपाल की बैंकों के सैकड़ों बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने रविवार को मालवीय नगर भोपाल स्थित मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के यूनियन ऑफिस परिसर में एकत्रित होकर संगठन का झंडा वंदन कर कलरफुल, प्रभावी, इंकिलाबी सभा का आयोजन किया।

सभा में उपस्थित बैंक कर्मियों की लाल ड्रेस आकर्षण का केंद्र थी। इस दरमियान बैंक कर्मियों ने सामूहिक सौदेबाजी, द्विपक्षिता और सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की रक्षा करने की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे-एआईबीईए के बैनर तले एकजुट रहकर यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस एवं श्रमिक संगठनों की एकता को मजबूत करेंगे,बैंक कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देने के लिए सभी संघर्षों के लिए तैयार रहेंगे, नौकरियों तथा नौकरी की सुरक्षा पर होने वाले हमलों के विरुद्ध संघर्ष करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की रक्षा करेंगे, ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाकर बैंक के ग्राहकों को बेहतर, त्वरित एवं उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करेंगे, निजीकरण तथा




अन्य कथित बैंकिंग सुधारों का विरोध करेंगे। इस मौके पर बैंक कर्मचारी-अधिकारी नेताओं वीके शर्मा, नजीर कुरेशी, दीपक रत्न शर्मा, मोहम्मद नजीर कुरैशी, गुणशेखरन, मनोज चतुर्वेदी, अशोक पंचोली, जीडी पाराशर,जे पी दुबे, देवेंद्र खरे, विशाल धमेजा, के वासुदेव सिंह,राशि सक्सेना, शिवानी शर्मा,कैलाश माखीजानी, महेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, अमोल अचवाल, वैभव गुप्ता, संतोष मालवीय, राम चौरसिया, योगेश मनुजा, सतीश चौबे, रामकुमार साहू, भगवान स्वरूप कुशवाह, अनंत खरे आदि मौजूद रहे।

### खराब ऋणों की वसूली के लिए कारगर कदम उठाने की मांग

*बैंक कर्मचारी-अधिकारी नेताओं वीके शर्मा ने कहाकि हमारा संगठन बैंकों के खराब ऋणों की वसूली के लिए कठोर एवं कारगर कदम उठाने की मांग के लिए संघर्षरत है। बैंकों में जमा धन आम आदमी का है इसकी रक्षा के लिए सजग रहेंगे, बैंकिंग उद्योग में पर्याप्त भर्तीयों, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह तथा बैंक कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष करेंगे। आयोजित सभा में वक्ताओं ने बताया कि ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन की स्थापना आज से 79 वर्ष पूर्व 20 अप्रैल 1946 को कलकत्ता में हुई थी। किसी भी संगठन द्वारा अपना 80 वां स्थापना दिवस मनाना अपने आप में महत्वपूर्ण है। बैंक कर्मचारियों का यही एक ऐंसा संगठन है जिसका अपने संघर्षों एवं ढेर सारी उपलब्धियों का इतिहास है। इसके पदाधिकारियों की निस्वार्थ सेवाओं, संघर्षों एवं कुर्बानियों से संगठन के इतिहास के पन्ने भरे मिलेंगे।*

## छोटी इलायची में सट्टे से व्यापारियों को नुकसान

**भोपाल।** प्रमुख इलायची उत्पादक राज्य केरल में इस सुगंधित मसाले का उत्पादन 2024-25 के सीजन में कमजोर रहा और इसके नए माल की आवक भी देर से शुरू हुई। दिलचस्प तथ्य यह है कि छोटी (हरी) इलायची के वायदा कारोबार पर केरल के उत्पादकों, व्यापारियों का नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के सिंडीकेट द्वारा कब्जा कर लिए जाने की सूचना मिल रही है। जानकारी के अनुसार सट्टे की तर्ज पर सिंडीकेट द्वारा आगामी तिथियों के लिए होने वाले अनुबंध फ्यूचर कांट्रैक्ट का गहरा जाल बनाया गया है जिसमें दिल्ली, मुंबई एवं जयपुर जैसे प्रमुख खपत केंद्रो के साथ-साथ स्वयं मध्यप्रदेशके भी असंख्य कारोबारी बूरी तरह उलझ गए। समझा जाता है कि इस गहरी साजिश के तहत वास्तविक सौदा तो नहीं हुआ मगर डायरियों एवं पर्चियों में कारोबार सौदा के माध्यम से करोडों रुपए का लेन-देन दिखाया गया। इसके बाद इलायची और डोडा (एक अन्य मसाला) की कीमतों को घटा दिया गया।

## नेशनल टी डे आज : कलाकारों को भी है चाय से बहुत प्यार

**मुंबई ।** नेशनल टी डे पर एण्डटीवी के कलाकार चाय के साथ गहरे रिश्ते बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पेय नहीं है, बल्कि रोजाना ऊर्जा, गर्माहट और भागमभाग के बीच सुकून के पल देने वाली एक अच्छी साथी है। भीमा में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता सेबल ने बताया, ''चाय मेरा उत्साह बढ़ाती है। सुबह जब मैं सेट पर पहुँचती हूँ और दुनिया आधी नींद में होती है, तब एक कड़क मसाला चाय तुरंत तरोताजा कर देते हैं। ठंड के दिनों में मुझे अदरक की चाय चाहिये। जब वह भीतर से मेरे शरीर को गर्माहट देती है, तब घर जैसा एहसास होता है और झुलसाने वाली गर्मियों के दौरान शूटिंग में आइस्ड लेमन टी दिल जीत लेता है। वह तीखी, ठंडी और तुरंत मूड को अच्छा करने वाली होती है। ग्रीन टी पीने के बाद भावुक सीन भी मेरे लिये आसान हो जाते हैं। मेरा ध्यान भटकता नहीं है व दिमाग को उससे राहत मिलती है।'''हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी



और शुभांगी अत्रे (अंगूरी, 'भाबीजी घर पर हैं) ने बताया, ''चाय कुल्हड़ में की जाने वाली साधना हैं। चाहे दिन की भागदौड़ के लिए तैयार हो रहे हो या फिर उससे आराम कर रहा हूं, चाय हमेशा मूड बना देती है। सुबह कड़क चाय जगाने का काम करती है। देसी चाय जो दूध, चायपत्ती, शक्कर, अदरक और इलायची से बनती है, कभी-कभी उसमें थोड़ी काली मिर्च भी हो सकती है पीने में जितना मजा आता है, उतना ही उसे बनाने की प्रक्रिया भी अलबेली होती है। जब भी मैं घर पर होता हूँ, तब आप मुझे रसोईघर में मेरे और मेरी पत्नी के लिये चाय बनाते हुए पा सकते हैं। मेरी पत्नी को भी यह पसंद है। वह कहती है कि मैं सबसे बढ़िया चाय बनाता हूँ और सच कहूं, तो यह मुझे सबसे बड़ा कॉम्प्लिमेंट लगता है। एक व्यस्त दिन के बाद दोबारा मिलने पर यह टी ब्रेक्स हमें बड़ा आनंद देते हैं।''

## बीएचईएल का राजस्व 27,000 करोड़ रुपए से ज्यादा रहा, 2 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपए का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपए हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपए (अस्थायी) का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

# बदल गए जज्बात... भारतीय बाजार में कूदे विदेशी निवेशक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में जोरदार वापसी की है। कुछ हफ्तों तक किनारे रहने के बाद तीन दिन में लगभग 15,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। लगातार नौ दिनों तक बिकवाली करने के बाद यह बदलाव बाजार के लिए एक बड़ा सहारा बन गया है। इस एफआइआई की वजह से सेंसेक्स में सिर्फ तीन दिन में लगभग 3,400 अंकों की तेजी आई है। यह हाल के दिनों में सबसे तेज उछाल है। हालांकि इस की खरीदारी के बावजूद एफआइआई अब भी अप्रैल में शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं। महीने के लिए कुल आउटफ्लो अब भी 18,000 करोड़ रुपए से ऊपर है। लेकिन भारतीय इक्विटी में विदेशी निवेश कई साल के निचले स्तर पर आ गया था। इसलिए अगर बाजार का माहौल ठीक रहता है, तो यह कमी एक और खरीदारी की लहर पैदा कर सकती है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार ने कहा कि एफआइआई की गतिविधि में यह बदलाव दो मुख्य कारणों से हुआ है। पहला, डॉलर इंडेक्स गिरकर लगभग 100 के स्तर पर आ गया है। डॉलर के और कमजोर होने की उम्मीद निवेशकों को अमेरिका से दूर भारत जैसे उभरते बाजारों की ओर धकेल रही है। दूसरा, अमेरिका और चीन दोनों की विकास दर इस साल कम रहने की संभावना है।




**तीन दिन में झोंके 15,000 करोड़ रुपए**

वहीं, भारत की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2026 में 6 फीसदी रहने की उम्मीद है। यह बेहतर प्रदर्शन भारत को वैश्विक पूंजी के लिए एक आकर्षक जगह बना सकता है। निवेशकों का ध्यान घरेलू खपत से जुड़े क्षेत्रों जैसे कि फाइनेंस, टेलीकॉम, एविएशन, सीमेंट, कुछ ऑटो कंपनियों और हेल्थकेयर स्टॉक्स पर रहने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर डॉलर इंडेक्स गिरता रहता है, तो उभरते बाजारों के लिए एफआइआई की पसंद बेहतर होगी। उभरते बाजारों में, भारत का दृष्टिकोण अपेक्षाकृत मजबूत और आकर्षक बना हुआ है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी भी अनिश्चितताएं बहुत ज्यादा हैं। इस बीच भारतीय रुपया भी मजबूत हो रहा है। शुक्रवार को यह लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ और 31 पैसे बढ़कर 85.37 पर बंद हुआ। यह 4 अप्रैल के बाद सबसे मजबूत क्लोजिंग है। इस तेजी को इक्विटी में निवेश और बाजार में सकारात्मक माहौल से समर्थन मिला।

## आईजीआई डी शो-2025 का 21वां संस्करण प्रस्तुत




## देशभर के 60 से अधिक हीरा आभूषण निर्माताओं और रिटेलर्स हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) की ओर से आयोजित आईजीआई डी शो-2025 के 21वें संस्करण ने आईकॉनिक जियो वर्ल्ड सेंटर में अपनी भव्यता से सबका मन मोह लिया। तीन दिवसीय इस शो ने एक बार फिर से भारत के प्रीमियम एक्सक्लूसिव डायमंड शो की अपनी परंपरा को दोहराया। हमेशा की तरह इस बार भी आईजीआई डी शो ने इस क्षेत्र में व्यवसाय के विकास के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री में लंबे समय तक कायम रहने वाले जुड़ाव को बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने सुनियोजित तरीके से साझेदारी करने, उद्योग जगत की बहुमूल्य जानकारी का आदान-प्रदान करने और उभरते अवसरों का पता लगाने के लिए एक प्रभावशाली मंच की भूमिका निभाई है, जिसने हीरे के कारोबार में इनोवेशन और विकास को लगातार आगे बढ़ना जारी रखा है। आईजीआई की 50वीं वर्षगांठ का उद्घाटन आईजीआई के एमडी एवं सीईओ, तहमास्प प्रिंटर ने किया। इस मौके पर एएस मोतीवाला के मैनेजिंग डायरेक्टर अशरफ मोतीवाला, ब्लू स्टार डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्नव मेहता, पोपली ग्रुप ऑफ ज्वैलर्स के डायरेक्टर राजीव पोपली, लक्ष्मी डायमंड्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. चेतन कुमार मेहता, शैलेश राठौड़, केपी संघवी, महेंद्र ज्वैलर्स के मेहुल ओसवाल श्री महावीर बोहरा, आभूषण डीपी. ज्वेल लाइन लिमिटेड के अमित बंदी और हर्षाइमल श्यामलाल ज्वैलर्स के अंकुर आनंद शामिल थे।

## शब्द पहेली - 5843



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5842 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5853

* * * * * कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5852 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# केसरी चैप्टर-2 की कमाई में आया उछाल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन की शुरुआत अच्छी हुई थी। अब दूसरे दिन का अपडेट भी आ गया है। दूसरे दिन कमाई में बढ़ोतरी हुई है जिससे फिल्म की टीम भी खुश हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, पहले दिन केसरी 2 ने 7.75 करोड़ कमाए थे तो इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में टोटल 17.25 करोड़ कमा लिए हैं। वैसे अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स की तुलना में फिल्म की कमाई कम है। वहीं, स्काई फोर्स ने 2 दिन में टोटल 34.25 करोड़ कमाए थे।

## लाइफ Style



# उर्वशी

## लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला ने हाल में एक इंटरव्यू में बयान दिया कि बद्रीनाथ धाम के पास उनका एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी मंदिर है। इस पर खूब विवाद हो गया है। रश्मि देसाई ने भी इसकी आलोचना की है। अब उर्वशी की टीम ने एक बयान जारी किया है, जिसमें लोगों से आग्रह किया गया है कि वे वीडियो को ठीक से सुनें।


सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान उर्वशी ने दावा किया था कि बद्रीनाथ धाम के पास एक उर्वशी मंदिर है। उन्होंने दक्षिण भारत में भी कुछ ऐसा ही होने की इच्छा व्यक्त की। उर्वशी से पूछा गया कि क्या लोग आशीर्वाद लेने आते हैं? उन्होंने जवाब दिया, 'अब मंदिर है तो वही तो करेंगे।' अब उर्वशी रौतेला की टीम ने बयान जारी किया है, "उर्वशी रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है, न कि उर्वशी रौतेला का मंदिर। अब लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं हैं; बस 'उर्वशी' या 'मंदिर' सुनकर मान लेते हैं कि लोग उर्वशी रौतेला की पूजा करते हैं। इस वीडियो को ठीक से सुनें और फिर बोलें।' बयान में आगे कहा गया, 'उर्वशी ने कहा, हां, दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्हें 'दमदमी माई' के रूप में पूजा गया था, और इसके बारे में एक न्यूज आर्टिकल भी है। उर्वशी रौतेला के बयान के बारे में भ्रमित करने वाले कमेंट्स करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निराधार आरोप या अपमानजनक टिप्पणियां करने से पहले फैक्ट्स की पूरी तरह से जांच करना जरूरी है। समाज में सभी को एक-दूसरे के साथ सम्मान और समझदारी से पेश आना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।'

## हॉलीवुड मसाला



# लेटेस्ट लुक अंडरवेयर ढीली पैंट

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस वक्त म्यूजिक एंड आर्ट फेस्टिवल से जस्टिन की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, लोग उनकी तुलना ब्रिटनी स्पीयर्स से करते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि जस्टिन अपने फैशन ब्रैंड के लॉन्च की तैयारी में हैं। जस्टिन की कमर से लटकती पैंट, ऊपर से झांकता अंडरवेयर और क्रॉप टॉप की तरह टीशर्ट में दिखे... जिसे देखकर लोगों ने हैरानी जताई थी।




# साइमन पैस्ले डे बने हैं जनरल डायर...

**नई दिल्ली।** 'केसरी चैप्टर 2' ने गुड फ्राइडे के मौके पर सिनेमाघरों में दमदार शुरुआत की है। फिल्म की तारीफ हो रही है। अक्षय कुमार, आर माधवन के अलावा चर्चा में ब्रिटिश एक्टर साइमन पैस्ले डे भी हैं, जिन्होंने फिल्म में जनरल डायर का रोल निभाया है। साइमन 'स्टार वार्स' फिल्म का हिस्सा रहे हैं। 'केसरी 2' में साइमन पैस्ले डे ने अपने खूंखार अंदाज, नृशंस हत्या के बाद भी अहम से भरे हुए व्यक्तित्व को बूखबी निभाया है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि साइमन पैस्ले डे एक मंझे हुए और दिग्गज ब्रिटिश एक्टर हैं, जिनका थिएटर से लेकर टीवी और यहां तक कि रेडियो पर भी बड़ा नाम है। साइमन पेस्ले डे हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वार्सः द राइज ऑफ स्काईवॉकर' में भी नजर आ चुके हैं। इंग्लैंड में 13 अप्रैल 1967 को पैदा हुए साइमन 58 साल के हैं।



# टोविनो ने चीन में मचाया गदर...

**नई दिल्ली।** अपने टैलेंट और अट्रैक्टिव ऑन-स्क्रीन पिक्चराइजेशन के लिए पसंद किए जाने वाले टोविनो थॉमस भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक महान शख्सियत बन गए हैं। अलग-अलग किरदारों में खुद को पूरी तरह से डुबोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर टोविनो ने अलग-अलग शैलियों में दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए तारीफ हासिल की है। अब टोविनो थॉमस मलयालम सिनेमा को उन ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं पहुंची। उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर, एआरएम और 2018 मूवी, ताइवान, ताइपे में गोल्डन हॉर्स फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में पूरी तरह से हाउसफुल मिला। दर्शक इन हैरान कर देने वाली फिल्मों की शक्तिशाली कहानी और टोविनो थॉमस की शानदार एक्टिंग से बेहद इंप्रेस्ड हैं।



# एनटीआर लेकर आ रहे हैं नई धांसू फिल्म

**नई दिल्ली।** दर्शकों के चहेते जूनियर एनटीआर अब प्रशांत नील और माइथ्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। इसका फिलहाल नाम एनटीआरनील रखा गया है। जूनियर एनटीआर 22 अप्रैल से शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस का क्रेज जबरदस्त है। शूटिंग के लिए रवाना होते हुए जूनियर एनटीआर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक फिल्म की डीटेल्स सीक्रेट रखी हैं, लेकिन माहौल में जबरदस्त हलचल है। प्रशांत नील की दमदार स्टोरीटेलिंग और जूनियर एनटीआर की तगड़ी मौजूदगी इस फिल्म को इंडियन सिनेमा में एक नया बेंचमार्क देने वाली है। इसके अलावा जूनियर एनटीआर देवाराः पार्ट 1 की धमाकेदार सफलता के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# असित मोदी को आती है गुरुचरण सिंह की याद

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताया कि जब एक्टर उनका शो छोड़कर जाते हैं तो उन्हें कैसा महसूस होता है। असित ने बताया कि उन्हें जाहिर तौर पर यह बात चुभती है लेकिन जब कोई कलाकार शो छोड़कर जाता है तो जनता को उस कलाकार के फैसले का सम्मान करना चाहिए। मोदी बातों-बातों में बीते दिनों एक्टर गुरुचरण सिंह उर्फ सोढ़ी की जिंदगी में आई मुश्किलों का भी जिक्र किया। असित मोदी ने बताया कि वह सीरियल का हिस्सा रहे पुराने एक्टर्स को मिस करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने साथ में शुरुआत की थी, और जब आप लंबे वक्त तक किसी के साथ काम करते हैं, और फिर जब वो जाते हैं तो दुख होता है। पुराने वाले हाथी भाई (कवि कुमार आजाद) की तबीयत खराब हुई और फिर वो चल बसे। मुझे नट्टू काका (घनश्याम नायक) की भी बहुत याद आती है। वो अभी अगर साथ होते तो बहुत मजा आता। कुछ लोगों ने यूं ही शो छोड़ दिया। वो कोविड के बाद यह शो नहीं करना चाहते थे।' असित मोदी ने कहा कि कुछ और भी एक्टर्स थे जिन्होंने ना जाने क्यों यह शो छोड़ दिया। कुछ गलतफहमी हुई होगी जिसके बाद वो चले गए। गुरुचरण सिंह के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अभी भी उनके साथ टच में हैं। असित मोदी ने कहा, 'मैं कुछ लोगों के साथ अभी भी टच में हूं। गुरुचरण सिंह जी के साथ जो कुछ भी हो रहा है वो ठीक नहीं है। मुझे उनके लिए बुरा लगता है।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का बनेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** लगभग 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी पर राज किया, दर्शकों के बीच यह सीरियल काफी मशहूर हुआ। हाल ही में इस सीरियल के दोबारा बनने की बात सामने आई। सीरियल में



मिहिर के चर्चित किरदार के लिए भी एक्टर गौरव खन्ना का नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मिहिर का किरदार निभाने के लिए दो नाम सामने आए हैं। एक तो एक्टर सुधांशु पाडे का नाम है, दूसरा गौरव खन्ना का नाम है। बॉलीवुड लाइफ से की गई बातचीत में इस बात को गौरव खन्ना नकार देते हैं। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं लगता है कि ये बात सच है। अफवाहों का आजकल कुछ नहीं कर सकते हैं। हां, मैं इस खबर से सरप्राइज जरूर हूं।'एक तरफ तो गौरव खन्ना कहते हैं कि वह 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल का हिस्सा नहीं है। वहीं, उन्होंने एकता कपूर के साथ काम करने की इच्छा भी जता दी है।

# 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी : सनी देओल



**नई दिल्ली।** अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का क्रेडिट प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, 'आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है।' सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट को प्यार करते रहिए। मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए. आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में टहलते नजर आए एक्टर ने कहा, "आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि "जाट 2' नए मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। 'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक 'राणातुंगा' के किरदार में हैं।

# इस फिल्म के बाद अमिताभ ने जया बच्चन के साथ काम करने से कर दिया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने अपने कॅरियर में साथ मिलकर एक से बढ़ कर एक हिट फिल्में दी। हालांकि, बाद में यह मशहूर जोड़ी एक साथ फिल्मों में नजर नहीं आई। इस बारे में जया ने बताया था कि यह अमिताभ का फैसला था कि दोनों फिल्मों में एक साथ काम नहीं करेंगे।. 2008 में एक मैगजीन के साथ एक बातचीत में जया बच्चन ने कहा था कि उन्होंने अपनी फिल्म मुकद्दर का सिकंदर के लिए अमिताभ के साथ कुछ रोमांटिक सीन शूट किए थे। बाद में जब फिल्म बनकर तैयार हुई, तो जया इसकी स्क्रीनिंग देखने आईं और उन सीन को देखने के बाद रो पड़ीं। एक हफ़्ते बाद उनके दोस्तों ने बताया कि बिग बी ने फैसला किया है कि वह उनके साथ फिर से काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'एक हफ़्ते बाद मुकद्दर का सिकंदर के ट्रायल शो के बाद, इंडस्ट्री में हर कोई मुझसे कह रहा था कि उन्होंने (अमिताभ बच्चन) अपने निर्माताओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मेरे साथ काम नहीं करने जा रहे हैं। बाकी सभी ने मुझे इसके बारे में बताया, लेकिन उन्होंने इस विषय पर एक शब्द भी नहीं कहा। जब मैंने उनसे इस बारे में सवाल करने की कोशिश की, तो उन्होंने कहा, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। 'मुझसे इस बारे में मत पूछो।' उसी बातचीत में जया ने बताया था कि अमिताभ बच्चन ने कई हिट फिल्में देने के बाद भी रेखा के साथ आगे काम नहीं किया।



## तो मेरी ज़िंदगी बन जाती नरक

जया ने बताया था कि उन्हें सार्वजनिक रूप से चल रही अटकलों के बारे में सब पता था। जया ने कहा था कि उन अफवाहों के पीछे कोई सच्चाई होती तो वह रेखा के साथ होंते। अगर वह बाहर की बातों की परवाह करने लगे, तो यह उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई होता, तो वह कहीं और होता, ना? लोगों ने उन्हें स्क्रीन पर एक जोड़ी के रूप में पसंद किया, और यह ठीक है। मीडिया ने उन्हें उनकी हर हीरोइन के साथ जोड़ने की कोशिश की। अगर मैंने इसे गंभीरता से लिया होता, तो मेरी ज़िंदगी नरक बन जाती। हम बहुत सख्त इंसान हैं।'

## एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत फिल्म आग में बाल कलाकार के रूप में की थी

# असमय पत्नी जेनिफर की मौत से टूट गए थे शशि कपूर

### कैंसर से जंग हार गईं जेनिफर

जेनिफर और शशि के जीवन में तब तूफान आया जब 1982 में जेनिफर को कोलन कैंसर का पता चला और वह कैंसर से जंग हार गईं। 1984 में उनकी मृत्यु हो गई. उनके निधन के बाद शशि पूरी तरह टूट गए. सीम छाबड़ा द्वारा लिखी गई उनकी जीवनी, 'शशि कपूरः द हाउसहोल्डर, द स्टार' के एक अंश के मुताबिक पत्नी जेनिफर के निधन के बाद शशि का जीवन दिल दहला देने वाला था। यह 1983 की बात है। तब जेनिफर अमीबिक पेचिश से पीड़ित मानी जाती थीं- को कैंसर का पता चला। जेफ्री केंडल अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि जब उन्हें अपनी बेटी की बीमारी के बारे में पता चला, तो वे बहुत देर तक 'कैंसर' शब्द नहीं बोल पाए। उन्होंने इसे 'बीमारी' या 'यह चीज़' कहा।

### ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो

इस बीच, जेनिफर ने अपने तरीके से धीरे-धीरे निदान को स्वीकार किया और अपने करीबी लोगों को बताना शुरू किया, जिसमें अनिल धारकर जैसे दोस्त भी शामिल थे। अनिल कहते हैं, 'उसने मुझे बताया कि कैसे उन्होंने बॉम्बे के टाटा मेमोरियल अस्पताल में वॉलपेपर के साथ एक कमरे को चमकाने की कोशिश की थी।' और मैंने पूछा, अच्छा, तुम वहां क्यों गए थे? और उसने जवाब दिया, 'अनिल, क्या तुम नहीं देखते? मुझे बिग सी है।' बस इतना ही था। इस तरह मुझे पता चला।' जेनिफर ने भारत में सर्जरी करवाई और ऐसा लग रहा था कि वह ठीक हो रही है। लेकिन, बाद में लंदन की यात्रा के दौरान और अधिक जांच के बाद, ऐसा लगा कि कैंसर फैल गया है। जेनिफर ने अपने आखिरी महीने ब्रिटिश राजधानी में अस्पताल और अपने माता-पिता के घर में बिताए। जब उनकी मृत्यु हुई तो जेफ्री बहुत दुखी हुए. जेनिफर उनकी पहली संतान थी, उनकी सबसे प्रिय, उनकी लगभग सब कुछ।शोकाकुल जेफ्री कहते हैं, 'यह भयावह क्षति ऐसी है जिसके बारे में मैं न तो बात कर सकता हूं और न ही लिख सकता हूं। ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो।'

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे शशि कपूर बॉलीवुड के सबसे खूबसूरत अभिनेताओं में से एक थे। शशि ने 70 और 80 के दशक में कई हिट फिल्में दीं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत अपने भाई राज कपूर की फिल्म आग (1948) में एक बाल कलाकार के रूप में की थी और बाद में बड़े होने के बाद बतौर हीरो धर्मपुत्र (1961) से डेब्यू किया। शशि कपूर को दीवार, सत्यम शिवम सुंदरम, नमक हलाल, काला पत्थर और कभी-कभी में बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उस दौर में काम के साथ ही शशि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे।*



*शशि कपूर एक रशियन मूल की अभिनेत्री जेनिफर केंडल से प्यार करते थे। उनकी मुलाकात जेनिफर से तब हुई, जब वह अपने पिता पृथ्वीराज कपूर के साथ प्रसिद्ध पृथ्वी थिएटर में काम कर रहे थे।जल्द ही दोनों के बीच प्यार हो गया। जुलाई 1958 में दोनों ने शादी कर ली और उनके तीन बच्चे हुए - कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर।*

### जीवन के प्रति हो गए थे निराश

पत्नी जेनिफर की मौत के बाद शशि शराब पीने लगे थे और जीवन के प्रति निराश हो गए थे। 4 दिसंबर, 2017 को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में शशि कपूर ने अंतिम सांस ली थी। वह 79 वर्ष के थे और किडनी के इलाज के लिए डायलिसिस पर थे।

**रोशनी बुझ गई :** उनके साथ-साथ उनकी पत्नी लॉरा लिडेल केंडल भी बहुत दुखी थीं। फेलिसिटी केंडल कहती हैं, 'मेरी मां उसके बाद कभी भी पहले जैसी नहीं रहीं। वह पहले बहुत धार्मिक थीं, लेकिन उनका विश्वास खत्म हो गया। रोशनी बुझ गई।' पूरा परिवार खुद को अस्थिर पाता था, कोई सहारा नहीं था। फेलिसिटी कहती हैं, 'मेरे माता-पिता आधे साल मेरी बहन के साथ भारत में बिताते थे, लेकिन जब उनकी मृत्यु हुई, तो उन्हें लगा कि वापस जाना बहुत दर्दनाक होगा, इसलिए उन्होंने अपना घर और जेनिफर दोनों खो दिए।'

**समुद्र के बीच नाव में रोए थे :** इस बीच, फेलिसिटी कहती हैं, 'आखिरी समय में जेनिफर की एकमात्र चिंता अपने बच्चों के लिए थी'- वे दुखी थीं। देव बेनेगल कहते हैं कि वे पृथ्वी थिएटर में एक स्मारक पर कुणाल कपूर से मिले थे, 'परिवार अभी-अभी गोवा से वापस आया था और कुणाल ने मुझसे कहा, 'पापा समुद्र के बीच में नाव लेकर गए थे। जब वे वहां पहुंचे, तो पहली बार वे रोए। सच में, वे रोए थे। देव की तरह, मैं उस पल की कठोरता से स्तब्ध हूं - शशि, विशाल खुले समुद्र में अकेले, दुःखी। 'वह उसकी मौत से वाकई हिल गया था।'






# गुजरात के खिलाफ आज कोलकाता के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य काफी अच्छा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसका टीम प्रबंधन बल्लेबाजों की इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा। कोलकाता ने हालांकि अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है। वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है।


फार्म में नहीं बल्लेबाज

नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की दो कमजोर कड़ी हैं। इस सत्र में 23.75 करोड़ रुपए के साथ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी अय्यर ने 24.20 की औसत से केवल 121 रन बनाए हैं, जबकि रमनदीप छह पारियों में सिर्फ 29 रन ही बना पाए हैं। आंद्रे रसेल के नाम पांच पारियों में सिर्फ 34 रन दर्ज हैं, जबकि रिंकू सिंह ने 38.66 की औसत से 116 रन बनाए हैं।

### घरेलू पिच का नहीं मिल रहा फायदा

मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं और एक में घास की अतिरिक्त परत है जिसे काटा नहीं गया है। पिच को लेकर फैसला टीम की रणनीति पर आधारित होगा। कोलकाता का टीम प्रबंधन पहले भी पिच को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है क्योंकि टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है।

### रहाणे ने बनाए 221 रन

बल्लेबाजों में केवल कप्तान अजिंक्य रहाणे (221 रन, 2 अर्द्धशतक) और युवा अंगकृष रघुवंशी (170 रन) ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने कुछ मैच में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन उनके प्रदर्शन में ही निरंतरता का अभाव है।

### गुजरात के गेंदबाज और बल्लेबाज ढा रहे कहर




शुभमन गिल की अगवाई वाले गुजरात टाइटंस ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सत्र में उसे अभी तक केवल दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है जिनमें तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (14 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (11 विकेट) ने उसकी जीत में अहम भूमिका निभाई है। बल्लेबाजी विभाग में सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (365 रन) ऑरेंज कैप धारक निकोलस पूरन से सिर्फ तीन रन पीछे हैं, जबकि जोस बटलर (315 रन, औसत 63.00) नंबर तीन पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

खास खबर

## ओस्टापेंको और सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**स्टटगार्ट।** जेलेना ओस्टापेंको ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक पर अपना दबदबा जारी रखकर पोर्श ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओस्टापेंको ने क्ले-कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की और चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियाटेक के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 6-0 तक पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार स्टटगार्ट में अपना पहला मैच खेला और अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराया। सबालेंका को पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वॉकओवर मिला था। उनका अगला मुकाबला जैस्मीन पाओलिनी से होगा, जिन्होंने अपने करियर में पहली बार कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

### अब भी पीसीबी से पारिश्रमिक का इंतजार



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने दावा किया है कि वह अब भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से कुछ बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गिलेस्पी ने एक स्टोरी पोस्ट की जो पाकिस्तान मीडिया के साथ उनके साक्षात्कार से संबंधित थी जिसमें कहा गया था कि पीसीबी को अब भी उनके कुछ पारिश्रमिक को मंजूरी देनी है।

गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीकी गैरी कर्स्टन को अप्रैल 2024 में पीसीबी द्वारा दो साल के अनुबंध पर क्रमशः लाल गेंद और सफेद गेंद क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पीसीबी ने पाकिस्तान टीम के लिए एक नए युग का वादा किया था लेकिन छह महीने बाद उन्हें दिए गए अधिकांश अधिकार वापस लेने के बाद दोनों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह पहली बार है जब दोनों में से किसी ने पीसीबी के साथ वित्तीय मामलों पर सार्वजनिक रूप से बात की है। एक स्टोरी में लिखा था, 'मैं अब भी पीसीबी से बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहा हूं।'

### ओडिशा में खेलो इंडिया केंद्र का उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खेल और युवा मामलों के मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने रविवार को राज्य के सभी 30 जिलों में खेलो इंडिया केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र खेल मंत्रालय और राज्य के खेल और युवा मामले विभाग के बीच सहयोग से स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा, ''खेलो इंडिया केंद्र जमीनी स्तर पर खेल बुनियादी ढांचे और प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से खोले गए हैं। ''उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग देने के अलावा इन केंद्र में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों के उचित प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रति केंद्र पांच लाख रुपये का वार्षिक अनुदान भी दिया जाएगा। सूरज ने कहा कि इनमें स्थानीय क्षेत्र के पूर्व चैंपियनों को कोच के रूप में भर्ती किया जाएगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : कोहली 73 रन पर नाबाद

# 'फिरकी' और तूफानी बल्लेबाजी से हारे किंग्स, घर से बाहर बेंगलुरु की 5वीं जीत

एजेंसी ▸▸| मुल्लांपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को फिरकी गेंदबाजी में फंसाकर सात विकेट से हरा दिया। यह बेंगलुरु की घर से बाहर पांचवीं जीत है। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की तूफानी साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीम में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं।

बेंगलुरु से विराट कोहली ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 67 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बने। उन्होंने डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला।




### पडिक्कल 61 रन पर आउट

आरसीबी ने 13वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। हरप्रीत बरार ने ओवर की तीसरी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पडिक्कल ने 61 रन बनाए, उन्होंने विराट कोहली के साथ 103 रन की पार्टनरशिप भी की।

### हिसाब किया बराबर

आरसीबी ने पंजाब से अपना हिसाब बराबर कर लिया। पंजाब ने एक दिन पहले आरसीबी को उसके ही घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मात दी थी। अब आरसीबी ने पंजाब को उसके घर में मात दी है। ये आरसीबी की इस सीजन घर से बाहर लगाकार पांचवीं जीत है।

### फिरकी में फंसे पंजाबी

पंजाब किंग्स ने छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल पंड्या और लेग स्पिनर सुयश शर्मा की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का डेविड बो कृणाल | 22 | 15 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरनका डेविड बो कृणाल | 33 | 17 | 5 | 1 |
| अय्यर का कृणाल बो शेफर्ड | 06 | 10 | 1 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो सुयश | 29 | 17 | 2 | 1 |
| निहाल वढेरा रन आउट | 05 | 06 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 31 | 33 | 1 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस बो सुयश | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 25 | 20 | 0 | 2 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 20 ओवर में 157/6

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-26-0, दयाल 2-0-22-0, हेजलवुड 4-0-39-0, कृणाल 4-0-25-2, शेफर्ड 2-0-18-1, सुयश 4-0-26-2.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 73 | 54 | 7 | 1 |
| सॉल्ट का इंग्लिस बो अर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पडिक्कल का वढेरा बो हरप्रीत | 61 | 35 | 5 | 4 |
| पाटीदार का यानसेन बो चहल | 12 | 13 | 1 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 18.5 ओवर में 159/3

गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-26-1, बार्टलेट 3-0-28-0, हरप्रीत 4-0-27-1, यानसेन 3-0-20-0, चहल 4-0-36-1, स्टोइनिस 1-0-13-0, वढेरा 0.5-0-9-0.

## खबर संक्षेप

### करीबी हार को पचाना मुश्किल : बहुतुले



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दो करीबी मैच हारना टीम के लिए मुश्किल भरा रहा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम में किसी तरह की घबराहट की कोई भावना नहीं है। रॉयल्स की टीम शनिवार रात लखनऊ सुपर जाइंट्स से दो रन से हार गई, जबकि उसने अपना पिछला मैच भी दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर में गंवा दिया था। आठ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, राजस्थान अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

### लोकपाल के आदेश के खिलाफ अदालत जाऊंगा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के हैदराबाद क्रिकेट संघ के लोकपाल के आदेश पर रोक लगाने के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं।

### एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दमदार आगाज



**अम्मान।** भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है।

निशानेबाजी विश्व कप

## बाबुता 0.1 अंक से स्वर्ण से चूके, तीसरे स्थान पर भारत




एजेंसी ▸▸| लीमा

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं।

पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

### संधू और प्रगति की शानदार शुरुआत

पुरुष ट्रैप में अनुभवी जोरावर संधू और महिलाओं की स्पर्धा में प्रगति दुबे ने 25-25 के पहले राउंड में शानदार शुरुआत की। जोरावर तीन राउंड के बाद 70 के स्कोर के साथ 21वें स्थान पर जबकि उनकी टीम के साथी पृथ्वीराज टोंडिमन और लक्ष्य श्योराण 69 के स्कोर के साथ क्रमशः 24वें और 25वें स्थान पर हैं। महिलाओं में राष्ट्रीय चैंपियन भव्या त्रिपाठी 69 (24,22,23) अंकों के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान जबकि प्रगति 68 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी नीरू 18वें स्थान पर हैं।

## वैभव सूर्यवंशी : 10 साल की उम्र में हर दिन खेला 600 गेंद, 150 किमी थ्रोडाउन कर चमका बिहार का हीरा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चौदह साल की उम्र में आईपीएल में शनिवार को पदार्पण करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर दुनिया को चौंका दिया। ऐसी प्रतिभा रातों-रात नहीं बनीं, इस अविश्वसनीय कहानी की नींव तब पड़ी जब उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने अपने बेटे के क्रिकेट सपनों को पूरा करने के लिए अपनी खेती की जमीन बेच दी। इसे आगे बढ़ाते हुए पटना के क्रिकेट कोच मनीष ओझा ने इस विशेष प्रतिभा को पहचाना और सुनिश्चित किया कि 10 साल के वैभव को हर दिन कम से कम 600 गेंदों का सामना करने का मौका मिले ताकि जब भी मौका मिले, वह बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहे। फिर बिहार क्रिकेट संघ ने वैभव का समर्थन किया और उसे रणजी ट्रॉफी में जगह दिलाई। तिलक नायडू की अध्यक्षता में अंडर-19 राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उसे 'कोल्ट टेस्ट क्रिकेट' में पहुंचाया। और अंत में राजस्थान रॉयल्स के राहुल द्रविड़ और जुबिन भरुचा ने आईपीएल की शुरुआत से पहले उसे 150 से अधिक की गति से साइड-आर्म थ्रोडाउन का सामना करवाकर इस अनगढ़े हीरे को चमकाने में अपना योगदान दिया।



**8 वर्ष की उम्र में पहचानी काबलियत:** ओझा ने अपने शिष्य के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब वह आठ साल का था तब उसके पिता संजीव उसे मेरे पास लाए थे। हर बच्चा अलग होता है लेकिन अगर मैं उस उम्र के दूसरे लड़कों को देखता हूं तो उसे जो भी सिखाया जाता तो उसमें कार्यान्वित करने की समझ थी। उसका तरीका, बैक-लिफ्ट, कार्यान्वयन, इरादा, सभी हमेशा तालमेल में रहते थे।'

### चर्चा में 14 वर्षीय वैभव

*जब आम 14 वर्षीय बच्चे प्लेस्टेशन खेलने और 'होमवर्क' करने में व्यस्त होते हैं, तब बिहार के समस्तीपुर के इस किशोर ने शार्दुल ठाकुर जैसे कई टेस्ट खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ी की गेंद को सवाई मान सिंह स्टेडियम के स्टैंड में पहुंचा दिया जिससे हजारों लोग हैरान रह गए। आईपीएल की दुनिया में 20 गेंद पर 34 रन बनाना आम बात है, लेकिन अगर बल्लेबाज अभी किशोरावस्था में है तो प्रशंसक राजस्थान रॉयल्स के 1.10 करोड़ रुपये के खिलाड़ी के बारे में अधिक जानना चाहेंगे।*

### बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग से ठोके तीन सिक्स

14 वर्षीय खिलाड़ी अपने स्ट्रोक्स में इतनी ताकत कैसे पैदा कर सकता है कि उसने शीर्ष स्तर के आक्रमण का सामना करते हुए एक बार नहीं बल्कि तीन बार गेंद को स्टैंड में भेजा? कोच ने कहा, 'आप लोगों ने उसके शॉट में ताकत देखी। बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग देखी। अगर छक्का मारने के लिए ताकत ही एकमात्र मानदंड होता तो पहलवान क्रिकेट खेलते। यह पांच साल की ट्रेनिंग है जिसमें हर दिन 600 सौ गेंदें खेली जाती हैं। अकादमियों में अन्य लड़के शायद एक दिन में 50 गेंदें खेलते हैं। मैंने वैभव के ट्रेनिंग सत्रों के लगभग 40 वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। आप देखेंगे कि उसका बल्ले का स्विंग युवराज सिंह जैसा है।

### यॉर्कर मेरी सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकना जारी रखूंगा



**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स की इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स पर दो रन की रोमांचक जीत में डेथ ओवरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि वह यॉर्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः पांच और छह रन दिए, जिससे लखनऊ शनिवार रात को खेले गए मैच में आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव करने में सफल रहा।

## सात खिलाड़ियों पर भी गिरी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की गाज

# एथलेटिक्स कोच रमेश डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जूनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के लिए निलंबित कर दिया है, जबकि सात एथलीट भी परीक्षणों से बचने के कारण निलंबित कर दिए गए हैं।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए यह करारा झटका है क्योंकि इसके अलावा दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग से जुड़े मामलों में निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने डोपिंग से जुड़े मामलों की जो नवीनतम सूची जारी की है उसमें सात एथलीट पारस सिंघल, पूजा रानी, नालुबोथु शनमुगा श्रीनिवास, चेलिमी प्रतुशा, शुभम महरा, किरण और ज्योति भी शामिल हैं। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। 19 वर्षीय सिंघल ने 2024 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हरियाणा के लिए लड़कों की 2,000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था। श्रीनिवास ने 2024 में फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप तीनों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। नागपुरी हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में कार्यरत थे। राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त नागपुरी को 2023 में जूनियर मुख्य कोच नियुक्त किया था। उन्हें 2021 के नाडा डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत निलंबित कर दिया गया है, जो किसी खिलाड़ी या अन्य व्यक्ति द्वारा मिलीभगत या मिलीभगत का प्रयास करने से संबंधित है।



### नागपुरी ने डोप टेस्ट से बचने में की मदद

सूत्रों के अनुसार, नागपुरी ने कथित तौर पर दो एथलीटों को साइ के हैदराबाद केंद्र में नाडा के डोप संग्रह अधिकारियों से परीक्षण से बचने में मदद की थी। उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक दुती चंद के अलावा 2024 पैरालिंपिक कांस्य विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन (400 मीटर) दीप्ति जीवनजी को प्रशिक्षित किया है। संपर्क करने पर नागपुरी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एएफआई अधिकारियों ने भी यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि यह नाडा से जुड़ा मामला है और उसे ही इससे निपटना है। यह पहली बार नहीं है कि किसी एथलेटिक्स कोच को डोपिंग से संबंधित अपराधों के लिए दंडित किया गया है।

## कटनी बीना रेलखंड पर बड़ी दुर्घटना

# पार्सल ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतरे

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत कटनी-बीना रेलखंड पर स्थित दमोह के समीप रविवार की दोपहर एक पार्सल ट्रेन के चार डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए, इस दुर्घटना के बाद रेल यातायात प्रभावित हो गया, बताया गया है कि पार्सल ट्रेन के कई डिब्बे बिजली के खंभों को तोड़ते हुए पटरी से दूर जा गिरे, जिससे ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन, सिग्नलिंग प्रणाली और रेलवे ट्रैक को भारी नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह रही की इस दुर्घटना में किसी यात्री या रेलवे कर्मचारी के घायल होने की कोई खबर नहीं है, क्योंकि यह एक पार्सल ट्रेन थी। फिर भी रेलवे प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा मानकों की समीक्षा शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार दोपहर के समय हुई जब पार्सल ट्रेन दमोह स्टेशन पार कर रही थी। अचानक ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतर गए और कई डिब्बे तेज गति के कारण ट्रैक से दूर जाकर बिजली के खंभों और रेलवे स्लीपरों से टकरा गए। इस कारण न केवल ओएचई लाइन को नुकसान पहुंचा, बल्कि आसपास की सिग्नल व्यवस्था भी ठप हो गई। हादसे की वजह से अप और डाउन दोनों ट्रैकों पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

### जबलपुर से पहुंचे अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही जबलपुर स्थित पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय में हड़कंप मच गया। डीआरएम (डिविजनल रेलवे मैनेजर) सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी तुरंत दमोह के लिए रवाना हो गए और मौके पर पहुंचकर राहत एवं बहाली कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। दुर्घटनास्थल पर रेलवे की इंजीनियरिंग और विद्युत विभाग की टीमें भी सक्रिय हैं।

### यातायात बहाल करने में लगे कई घंटे

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के कारण इस खंड पर चलने वाली कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया है। ट्रैक और ओएचई लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण रेल संचालन पूर्णतः ठप हो गया है और यातायात बहाल करने में कई घंटे लग सकते हैं। फिलहाल, रेलवे प्रशासन तीसरी लाइन के माध्यम से कुछ ट्रेनों को निकालने की कोशिश कर रहा है ताकि यात्रियों को राहत दी जा सके। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी बीएन गुप्ता ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया, दमोह के समीप पार्सल ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना हुई है, प्रशासन यातायात सुधार कार्य में लगा है। शीघ्र ही यहां से यातायात बहाल कर दिया जायेगा। तीसरी लाइन से भी ट्रेनों को चलाया जा रहा है।

**नब्बे हजार नगदी सहित तीन मोबाईल जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार**

# आईपीएल सट्टे के संगठित गिरोह पर क्राईम ब्रांच की दबिश

हरिभूमि जबलपुर।

क्राईम ब्रांच एवं केन्ट पुलिस की संयुक्त टीम ने सदर के गली नम्बर 3 में आईपीएल क्रिकेट मैच के सट्टे के अड्डे पर छापा मारकर तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर नब्बे हजार 550 रुपये नगद और तीन मोबाईल जप्त किये। यहां गुजरात और दिल्ली के बीच चल रहे मैच की हर बॉल पर दाव लग रहे थे। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच शैलेष मिश्रा ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर सदर की गली नंबर तीन में दबिश दी गई। यहां से मुख्य आरोपी यश राय, पंकज उर्फ प्रवीण कुमार बलेचा को हिरासत में लिया गया। पकड़े आरोपियों ने पूछताछ में बताया किया उसने मोहसिन, परेश चाचा, शानू, बंटू, हितेश, शुभम नामदेव, शिव



सोनकर को भी वाट्स एप के माध्यम से आईडी फॉरवर्ड की है, जो कि ग्राहकों से उस आईडी के माध्यम से भी सट्टा लगवा रहे थे।

जो लोग फोन के माध्यम से सट्टा लगवाते थे, उनके दाव को यश और प्रवीण मिलकर अपने गिरोह के सरगना कमल खत्री को पलटा देते थे। जिस वक्त आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही उस दौरान भी उनके मोबाइल फोन लगातार बज रहे थे, जिसके बारे में पूछने पर सटोरियों ने बताया कि दाव लगवाने के लिए ग्राहक ही बार-बार फोन कर रहे हैं। बाकी आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।

सटोरियों के पास से 90 हजार 500 रुपए, तीन मोबाइल व सट्टा में प्रयुक्त किए जा रहे अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। छापे के दौरान थाना केंट के एसआई नरेश सिंह, क्राइम ब्रांच की एसआई कैलाश मिश्रा, एएसआई मोहन तिवारी, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, हितेंद्र रावत, आरक्षत प्रमुख सोनी, रंजीत, प्रदीप टेकाम, रीतेश शुक्ला मौजूद थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240